राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

वर्ष 09 , अंक 48 , पृष्ठ 1
मूल्य : दो रूपये
सिद्धार्थनगर
रविवार, 06 फरवरी 2022
सिद्धार्थनगर संस्करण
RNI No:. UPHIN/2012/49458

लखनऊ, कानपुर, कन्नौज, बरेली, सीतापुर, सोनभद्र, गोण्डा, बाराबंकी, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, अम्बेडकरनगर, फैज़ाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, महराजगंज, सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

दैनिक बुद्ध का संदेश | 8795951917 | @budha_kasandes | budhkasandeshup@gmail.com | www.budhkasandesh.com

लखनऊ सूचीबद्ध कोड- SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी. कोड-133569 | सम्पादकः राजेश शर्मा | उ0प्र0 सरकार एवं भारत सरकार (डी.ए.वी.पी.) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त



## सपा-बसपा पर बरसे योगी, कहा- कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल पर दिखाई देता है उनका विकास

संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश चुनाव के लिए प्रचार अपने चरम पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामली और मुजफ्फरनगर पहुंचे थे। योगी आदित्यनाथ ने यहां समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी पर जमकर निशाना साधा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर सपा–बसपा का विकास सड़क पर नहीं दिखाई देगा, फैक्ट्री में नहीं दिखाई देगा। उनका विकास एक ही जगह दिखाई देता है, वो है कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल पर। उन्होंने कहा कि आज तुलना कीजिए, 2017 से पहले कैसी थी मुजफ्फरनगर की स्थिति? न बेटी सुरक्षित थी और न ही हमारा अन्नदाता सुरक्षित था। योगी ने काह कि हमने जो कहा वह करके दिखाया। वे पेशेवर, दंगाई, माफियां जो सत्ता के संरक्षण में व्यापारियों के ऊपर अत्याचार करते थे। जब डबल इंजन की भाजपा सरकार आई तो वही अपराधी गले में तख्ती लटकाके जान की भीग मांगते हुए थानों की चौखट में जा रहे थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि यह काम सपा और बसपा के समय क्यों नहीं हो पाया था। इसका कारण साफ था कि उनकी नियत साफ़ नहीं थी। एक तरफ़ वे आपकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते थे। नौज़वानों के भविष्य के साथ तो उन्होंने इतना खिलवाड़ किया था कि उसे नौकरी नहीं मिलती थी। उन्होंने कहा कि अगर नौकरी निकलती भी थी तो सैफई खानदान, चाचा, भतीजा वसूली के लिए निकल पड़ते थे। फिर हर भर्ती विवादित होती थी। उन्होंने कहा कि मुझे एक समाजवादी बहुत चिल्ला–चिल्ला के बोल रहे थे, कह रहे थे कि विकास के साथ–साथ ये बुलडोजर का क्या मतलब है? मैंने कहा कि दोनों साथ–साथ चलेंगे। योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में महीने में दो बार राशन मिल रहा है। बिजली मिल रही है। क्या ये बिजली सपा–बसपा की सरकार में मिलती थी?

अखिलेश पर हमला करते हुए योगी ने कहा कि सपा मुखिया कहते हैं कि उनका खून गर्म है। मैंने कहा कि ये खून तो 5 साल पहले ही 2017 में प्रदेश की जनता शांत कर चुकी हैं। अगर सचमुच खून गर्म होता तो मुजफ्फरनगर का दंगा भी नहीं होता। उन्होंने पूछा कि 5 साल पहले थाना भवन हो, शामली हो, मुजफ्फरनगर हो, कैराना हो, कांदला हो, क्या स्थितियां थी यहां की? गंभीर सुरक्षा का संकट था, कानून व्यवस्था बदहाल थी। उन्होंने कहा कि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास किया, भाजपा के डबल इंजन की सरकार ने उत्तर प्रदेश के अंदर सुरक्षा का वातावरण दिया। आज कैराना से पलायन नहीं होता है। आज उत्तर प्रदेश और शामली प्रगति करता है और अपराधी पलायन करते हैं। आज कोई भी बेटियों की सुरक्षा पर संेघ नहीं लगा सकता। अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हर बेटी अपने आप को सुरक्षित महसूस करती है।

## चुनावी दंगल में उतरेंगे PM मोदी, 7 फरवरी को UP और उत्तराखंड में होगी जनसभा



एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश, पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब खुद उत्तर प्रदेश में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी 7 फरवरी दिन सोमवार को बिजनौर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में मतदान होगा। पहले और दूसरे चरण में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की अधिकांश सीटें कवर हो जाएंगी। ऐसे में राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

प्रधानमंत्री मोदी 7 फरवरी को बिजनौर में फिजिकल हाइब्रिड रैली करेंगे। माना जा रहा है कि इस रैली में चुनाव आयोग के नए दिशानिर्देशों के तहत एक हजार कार्यकर्ता शामिल हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त बाकी नेतागण और पदाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। उत्तर प्रदेश के बाद प्रधानमंत्री मोदी उत्तराखंड में वर्चुअल माध्यम से रैली को संबोधित करेंगे। इस रैली में हरिद्वार और देहरादून की जनता शामिल होगी और इस रैली के माध्यम से 14 विधानसभाओं को कवर करने का प्रयास होगा।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में सात चरणों में मतदान होने वाला है। पहले चरण में 10 फरवरी को 11 जिलों की 58 सीटों पर मतदान होगा। इसमें शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलंदशहर जिले प्रमुख हैं। जबकि दूसरे चरण में 14 फरवरी को 9 जिलों की 55 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। इसके बाद क्रमशरू 20 फरवरी, 23 फरवरी, 27 फरवरी, 3 मार्च और 7 मार्च को मतदान होगा।

## UPA के समय हिंदुस्तान में प्रधानमंती था, आज हिंदुस्तान में राजा है: राहुल

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार पर हमलावर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर वह लगातार निशाना साध रहे हैं। इन सब के बीच आज राहुल गांधी उत्तराखंड विधानसभा चुनाव को लेकर आज राज्य के दौरे पर थे। उधम सिंह नगर में एक सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमला किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि कांग्रेस के समय भारत में प्रधानमंत्री होता था जबकि आज के भारत में प्रधानमंत्री की जगह राजा है। उन्होंने काह कि प्रधानमंत्री सुनता है, प्रधानमंत्री के दरवाजे किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के लिए खुले होते हैं। अगर प्रधानमंत्री सभी के लिए काम नहीं करता है तो, वह प्रधानमंत्री नहीं हो सकता। कांग्रेस नेता ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री नहीं हैं। हिंदुस्तान के किसान एक साल ठंड में, कोरोना में सड़क पर खड़े थे। प्रधानमंत्री ने उनसे बात करने तक की कोशिश की? नहीं। गांधी ने कहा कि कांग्रेस किसानों, युवाओं, मजदूरों या गरीबों के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं करेगी और वह उनके साथ साझेदारी चाहती है। उन्होंने काह कि उस समय किसान हो या मजदूर सभी सरकार के पास आते थे और आपके दिल में जो भी होता था, आप कह जाते थे। कभी–कभी हमें कहना पड़ता था कि देखिए, हम आपसे सहमत नहीं हैं और कभी हम आपकी बात से सहमत हुआ करते थे। राहुल ने काह कि आज आपके नेता ने कहा कि



डॉ. मनमोहन सिंह जी का समय एक गोल्डन पीरियड था। वह गोल्डन पीरियड क्यों था? वह इसलिए, क्योंकि उस समय सरकार और किसानों के बीच पार्टनरशिप थी। उस समय सरकार के दरवाजे खुले हुआ करते थे, बंद नहीं थे। उन्होंने कहा कि हम किसान बिलों के खिलाफ क्यों खड़े हुए, क्योंकि यह एक अन्याय था। यह हिंदुस्तान के किसानों और मजदूरों के खिलाफ अन्याय था, इसलिए कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी हुई।

राहुल ने आगे कहा कि आज दो हिंदुस्तान बन रहे हैं। एक अमीरों का हिंदुस्तान जिसमें प्राइवेट हवाई जहाज, 5/7 स्टार होटल्स और मर्सिडीज गाड़ी है। यह अमीर लोगों का हिंदुस्तान है। इसमें ना कानून से कोई लेना देना नहीं। आप कुछ भी करना चाहते हो कर दो। यह चुने हुए लोगों का हिंदुस्तान है। दूसरा हिंदुस्तान है गरीबों, किसानों और मजदूरों का। उसमें आपको रोजगार नहीं मिलेगा, आपकी जमीन छीनी जाएगी, पेट्रोल डीज़ल के दाम बढ़ते जाएंगे, महंगाई बढ़ती जाएगी। हम दो हिंदुस्तान नहीं, हम बस एक हिंदुस्तान चाहते हैं और न्याय होना चाहिए। उन्होंने काह कि आपने देश की सरकार को बताया कि हिंदुस्तान की सच्चाई से हम नहीं हटने वाले हैं। आप हमें ना खरीद सकते हो, ना डरा सकते हो और ना ही दबा सकते हो। हम नहीं हटेंगे। उन्होंने काह कि लोग कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने हरित क्रांति दी। नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी ने किसानों के साथ पार्टनरशिप बनाकर देश को हरित क्रांति दी। अपना खून पसीना हिंदुस्तान के किसान ने दिया था।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने काह कि मेनिफेस्टो में हम चीजें लिखेंगे, लेकिन आप नीयत और इरादा समझिए। हमारा इरादा आपके साथ पार्टनरशिप बनाने का है। हम आपके साथ बातचीत करना चाहते हैं। हमारे दरवाजे आपके लिए खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आपको एक गारंटी दे सकता हूं कि जो नरेंद्र मोदी जी ने आपके साथ किया। आपको एक साल, सड़क पर, ठंड में और कोरोना के समय खड़ा कर दिया, कांग्रेस पार्टी मर जाएगी, खत्म हो जाएगी, लेकिन यह कभी नहीं करेगी। कांग्रेस नेता ने काह कि मेरा संदेश यही है कि किसानों, मजदूरों, युवाओं और उत्तराखंड की जनता, आप सभी के साथ पार्टनरशिप बनाना चाहते हैं। हम ऐसी सरकार चाहते हैं, जिसमें आपको लगे कि यह हमारी सरकार है और आप दिल खोलकर जो कहना चाहे कह सकते हैं। हम चाहते हैं कि जो सबसे गरीब लोग हैं, उनको यह लगे कि वह अकेले हैं, बल्कि उनकी सरकार, उनका प्रदेश उनके साथ खड़ा है।

## भाजपा नेता किरीट सोमैया का दावा- 'शिवसेना के गुंडों' ने पुणे में मुझ पर किया हमला

एजेंसी

पुणे। महाराष्ट्र से भारतीय जनता पार्टी के नेता किरीट सोमैया ने शनिवार को दावा किया कि पुणे नगर निगम के परिसर में ''शिवसेना के गुंडों'' ने उन पर उस समय ''हमला'' किया, जब वह कोविड–19 अस्पतालों को चलाने के ठेकों में अनियमितताओं के आरोपों के संबंध में वहां गए थे। उन्होंने ट्वीट किया, ''पुणे महापालिका के परिसर के भीतर शिवसेना के गुंडों ने मुझ पर हमला किया। बहरहाल, भाजपा की पुणे इकाई के अध्यक्ष जगदीश मलिक ने कहा कि सोमैया को इलाज के लिए संचेती हॉस्पिटल ले जाना पड़ा। सोमैया पर हमले की निंदा करते हुए भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि मुंबई उत्तर से पूर्व लोकसभा सदस्य के साथ जब हाथापाई की गयी, तो वह जमीन पर गिर गए। उन्होंने कहा कि सोमैया इस तरह के हथकंडों से डरने वाले नहीं हैं।

## भाजपा गठबंधन ने की 11 सूत्री संकल्प दस्तावेज की घोषणा, पुलिस बल में महिलाओं को आरक्षण देने का किया वादा

एजेंसी

चंडीगढ़। भाजपा और इसके गठबंधन सहयोगी पंजाब लोक कांग्रेस तथा शिअद (संयुक्त) ने पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को 11 सूत्रीय संकल्प दस्तावेज की घोषणा की। इसमें बेअदबी के मामलों के लिए फास्ट ट्रैक अदालतें, 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, पुलिस बल में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण और पांच एकड़ तक भूमि वाले किसानों की कर्ज माफी का वादा किया गया है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, पंजाब लोक कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह, शिअद (संयुक्त) प्रमुख सुखदेव सिंह ढींढसा और भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अश्विनी कुमार शर्मा समेत अन्य नेता मौजूद थे। पुरी ने कहा कि सत्ता में आने पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पंजाब की सुरक्षा और शांति के साथ ही सबका साथ, सबका विकास के आधार पर सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेगा। पुरी ने कहा कि सरकार बनने के दो साल के भीतर सभी वादे चरणबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे। भाजपा नेता अश्विनी शर्मा ने कहा कि बेअदबी के मामलों के लिए विशेष कार्यबल और फास्ट ट्रैक अदालतें गठित की जाएंगी। इस दौरान अमरिंदर सिंह ने रक्षा बलों के शहीदों के परिवार को अनुग्रह राशि दोगुना कर एक करोड़ रुपये देने का भी वादा किया।

## प्रियंका गांधी ने ट्विटर पर उठाई फ्लैट बायर्स की आवाज, कहा- खरीदारों के साथ खुलेआम हो रहा है अन्याय

एजेंसी

बीते गुरुवार को कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी ने ट्विटर पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के फ्लैट खरीदारों की समस्या को उठाया। अपने एक ट्वीट में उन्होंने लिखा कि नोएडा में फ्लैट खरीदारों के साथ खुलेआम अन्याय हो रहा है। उन्हें कई सालों से बिना रजिस्ट्री के अपने ही मकानों में किरायेदारों की तरह रहना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि गलती बिल्डर्स की है प्रशासन और बिल्डर की मिलीभगत है, लेकिन इसका खामियाजा फ्लैट बायर्स को भुगतना पड़ता है। नोएडा में जनसंवाद के दौरान मैंने उन्हें आश्वस्त किया है कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह उनके साथ है और इस लड़ाई में उनकी हर संभव मदद करेगी। ट्विटर पर स्थानीय लोगों ने प्रियंका के इस ट्वीट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। कुछ ने प्रियंका गांधी का समर्थन किया तो कुछ ने सवाल भी उठाए।




फ्लैट खरीदारों की समस्या क्या है

आपकी जानकारी के लिए बता दें नोएडा और ग्रेटर नोएडा में फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री एक बड़ी समस्या है। खरीदारों की यह समस्या सभी दलों के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल है। दरअसल और ग्रेटर नोएडा में हजारों फ्लैट खरीदारों को अपने घर के मालिकाना हक का इंतजार है। इसको लेकर आए दिन शहर में प्रदर्शन भी होते रहते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा की सोसाइटीज में मतदाताओं के लिए यह सबसे बड़ा मुद्दा है। यूपी विधानसभा चुनावों को लेकर अब हफ्ते भर से भी कम का समय रह गया है। चुनाव को देखते हुए यहां बड़े नेताओं का आना जाना लगा हुआ है। अमित शाह से लेकर अखिलेश जयंत की जोड़ी और बसपा सुप्रीमो मायावती भी यहां आ चुकी है। आपको बता दें कि यहां की 11 विधानसभा सीटों पर 10 फरवरी को पहले चरण में वोटिंग होगी। यूपी का चुनाव इस बार 7 चरणों में होगा। सभी दल पूरे जोर–शोर से जोर आजमाइश में लगे हुए हैं। सभी अपने अपने जीत के दावे कर रहे हैं। हर कोई जनता के बीच है और उनसे वोट मांग रहा है। बता दें कि इस बार का चुनाव कोरोना वायरस की गाइडलाइन्स को अनुसार होगा

## सरकारी नौकरी नहीं लगने पर अतिथि शिक्षिका ने की आत्महत्या, नहीं मिलता था पूरा वेतन

एजेंसी

भोपाल। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सरकारी नौकरी नहीं मिलने से परेशान अतिथि शिक्षिका ने कीटनाशक पीकर आत्महत्या की। अतिथि शिक्षिका केला बाई ने अपने घर और स्कूल के बीच में स्थित खेत में कीटनाशक पीकर आत्महत्या कर ली। मृतिका पांच भाई–बहनों में सबसे छोटी थी। वहीं परिजनों ने कहा कि बेटी सरकारी नौकरी नहीं मिलने से परेशान रहती थी। इसके साथ ही जिस स्कूल में पढ़ाती थी, वहां भी पूरा वेतन नहीं नहीं मिल रहा था। इससे आर्थिक परेशानी का सामने भी करना पड़ रहा था। डिप्रेशन में आकर उसने ये घाटक कदम उठा लिया। परिजनों ने कहा कि युवती केलाबाई पिता समरिया भयडिया अतिथि शिक्षक वर्ग–



3 के रूप में गांव के ही पटेल फलिया में प्राथमिक विद्यालय में सेवा दे रही थी। युवती पांच भाई–बहनों में सबसे छोटी थी। अलीराजपुर कॉलेज से पढ़ाई पूरी की इसके बाद नौकरी की तलाश कर रही थी। इसी बीच गांव के प्राथमिक विद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप वर्ग 3 में चयन हो गया। नियमानुसार ₹5000 मानदेय मिलना चाहिए था। लेकिन कभी पूरा मानदेय नहीं मिला। अतिथि शिक्षक की आत्महत्या के बाद संयुक्त अतिथि शिक्षक संघ के महेश भूरिया ने शासन को आड़े हाथों लिया है। आरोप लगाया कि शासन से अल्प कम मानदेय में काम मिल रहा है। इससे परिवार के पालन पोषण नहीं हो पा रहा है। इससे अतिथि शिक्षक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। शासन उनके भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं संयुक्त अतिथि शिक्षक संघ ने कहा कि अक्टूबर–नवंबर का वेतन दिसंबर में मिला है। वह भी पूरा नहीं है। दिसंबर और जनवरी का वेतन अब तक नहीं मिला है।






# स्वाधीनता आंदोलन का गवाह है बसंत पंचमी मेला

## गौरी शंकर मंदिर से असहयोग आंदोलन हुआ था शुभारंभ।

सोनभद्र। आजादी की 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर संपूर्ण देश सहित जनपद सोनभद्र में मनाए जाने वाला अमृत महोत्सव वर्ष के अंतर्गत सोनभद्र जनपद के नाम– अनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा देश के स्वतंत्रता आंदोलन में तन– मन– धन न्योछावर करने वाले सेनानियों पर आज पूरा देश गर्व कर रहा है। विंध्य संस्कृति शोध समिति उत्तर प्रदेश ट्रस्ट के निदेशक/इतिहासकार दीपक कुमार केसरवानी के अनुसार–ष्सन 1918 में मिर्जापुर तहसील सहित चुनार, रॉबर्ट्सगंज, दुद्धी में कांग्रेस कमेटी का गठन हो चुका था और इसके माध्यम से सोनभद्र जैसे दुरुह आदिवासी अंचल में स्वतंत्रता संग्राम की अलख जगाने के लिए कांग्रेसी नेता तत्पर थे। सन 1921 में कांग्रेस के नागपुर अधिवेशन में असहयोग आंदोलन की स्वीकृति प्राप्त होने के बाद मिर्जापुर जनपद के कांग्रेसी नेता हनुमान प्रसाद पांडे, डॉ उपेंद्र नाथ बनर्जी, मास्टर गंगा प्रसाद, पंडित शालिग्राम पांडे,परमानंद पंजाबी, सरस्वती देवी, महादेव शरण आदि नेताओं ने सोनभद्र जनपद के रॉबर्ट्सगंज एवं दुद्धी तहसील का दौरा किया और असहयोग आंदोलन के की नीतियों और उद्देश्यों का प्रचार किया इससे सोनभद्र जनपद की जनता बहुत ही प्रभावित हुई थी। रॉबर्ट्सगंज नगर सहित आसपास के गांवो में असहयोग आंदोलन के प्रचार– प्रसार हेतु ग्राम मुठेर के पंडित तारक नाथ त्रिपाठी द्वारा अन्य नौजवान साथियों के सहयोग से आम जनमानस को असहयोग आंदोलन के कार्यक्रमों से अवगत कराया और कांग्रेस कमेटी का सदस्य, स्वयंसेवक बनाया। वर्तमान जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज में असहयोग आंदोलन की नीतियों के प्रचार के लिए सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी कांग्रेसी नेता बलराम दास केसरवानी की अध्यक्षता में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें दुद्धी, रॉबर्ट्सगंज, मिर्जापुर के देशभक्तों, क्रांतिकारियों ने भाग लिया था। इसके साथ ही साथ स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों के स्वयंसेवकों, नेताओं द्वारा छोटी–छोटी सभाओं के माध्यम से देशभक्ति का पाठ पढ़ाया गया। असहयोग आंदोलन के कार्यक्रम अंतर्गत सोनभद्र जनपद के देशभक्तों, क्रांतिकारियों द्वारा एक संस्कृत राष्ट्रीय विद्यालय की स्थापना किया गया। इस पाठशाला के प्रथम प्रधानाध्यापक सेनानी पंडित महादेव प्रसाद चौबे बनाए गए।आंदोलन के प्रचार– प्रसार के लिए 12 फरवरी 1921, शनिवार (बसंत पंचमी) का दिन निश्चित किया गया।सोनभद्र जनपद के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में इस महान,ऐतिहासिक दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित महादेव प्रसाद चौबे की अध्यक्षता में जनपद मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज से 7 किलोमीटर दूर पर बरहरदा गांव के गौरी शंकर मंदिर पर आयोजित बसंत पंचमी के मेला मे आयोजित आयोजित हुआ। जिसमें पंडित महादेव प्रसाद चौबे, बलराम दास केसरवानी, केसरी प्रसाद द्विवेदी मिर्जापुर जनपद से अतिथि के रुप में पधारे सक्रिय, उत्साही, नेता गंगा प्रसाद जायसवाल, कृष्ण द्विवेदी का ओजस्वी भाषण देते विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार, नशा उन्मूलन, सरकारी उपाधियों और अवैधानिक पदों का त्याग, सरकारी एवं गैर सरकारी उत्सव का बहिष्कार, सरकारी स्कूलों से बच्चों को हटाना, राष्ट्रीय स्कूलों की स्थापना, अंग्रेजी अदालतों का बहिष्कार, झगड़ों का राष्ट्रीय पंचायत द्वारा निर्णय, सरकारी कर न देना, अपने गांव घर के लोगों को मजदूर के रुप में मेसोपोटामिया न भेजना, सरकार द्वारा आयोजित चुनाव का बहिष्कार आदि का संदेश दिया। आंदोलनकारियों ने विदेशी वस्त्रों की होली जलाकर रॉबर्ट्सगंज तहसील में असहयोग आंदोलन का शुभारंभ किया और पंपलेट भी वितरित किया गया था। असहयोग आंदोलन का शंखनाद दुद्धी तहसील में मिर्जापुर के कांग्रेसी नेता बाबू पुरुषोत्तम सिंह, बेनी माधव पांडे सहित अन्य उत्साही नेताओं ने अपार कष्ट झेलते हुए दुद्धी के सेनानी यीशु मसीह, सदानंद पांडे, सुखन अली, सखावत हुसैन, सुखलाल खरवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर इस आंदोलन का शुभारंभ किया और आंदोलन की नीतियों का आम जनता में प्रचार किया और विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार लगान बंदी, नशाबंदी आदि कार्यक्रम को पूरा किया गया। इस जुर्म में सेनानियों को पुलिस द्वारा घोर कष्ट दिया गया और जेल में बंद कर उन पर जुर्माना लगाया गया। इतिहास के स्वर्णिम पन्नों पर दर्ज सोनभद्र जनपद के देशभक्त, क्रांतिकारियों, भारत माता की सपूतों ने स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान को पुनः स्मरण किया गया आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष के अवसर पर चौरी चौरा कांड के 100 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में पंडित महादेव प्रसाद चौबे की कर्मभूमि शहीद उद्यान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे।इस कार्यक्रम में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषण का सीधा प्रसारण उपस्थित जनता को दिखाया गया ।यह आयोजन सोनभद्र के इतिहास में एक ऐतिहासिक पहल थी, इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा सोनभद्र जनपद के स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया था। इस कार्यक्रम से सोनभद्र जनपद के इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया। जिसके शोध और अध्ययन से प्रेरित होकर भावी पीढ़ियां जहां एक ओर देश के प्रति अपने पूर्वजों के त्याग, तपस्या, बलिदान परिचित होंगे वहीं दूसरी ओर स्वतंत्रता के प्रति निरंतर जागरूक रहेंगे।


स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बलराम दास केसरवानी
स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं० महादेव प्रसाद चौबे

## पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने पुलिस फोर्स को किया रवाना

संवाददाता

सोनभद्र। विधान सभा चुनाव–2022 को निष्पक्ष, सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने हेतु को पुलिस लाइन, चुर्क में पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन् बिजय शकर मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर राजकुमार त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय के साथ वाह्य जनपदों हेतु चुनाव ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस फोर्स को ब्रीफ किया गया । ब्रीफिंग के समय सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को कोविड–19 के सम्बन्ध में जारी गाइडलाइन का पालन करने की अपील करते हुये मास्क, सैनेटाइजर,आयुष कीट, कुछ जरुरी दवाईया आदि सामग्री का वितरण किया गया। तत्पश्चात चुनाव आयोग के निर्देशों के बारे में विस्तार से ब्रीफ करते हुए निर्देशित किया गया कि अपने ड्यूटी स्थान पर सतर्कता बरतते हुए कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि विधान सभा चुनाव को निष्पक्षता एवं शान्ति वातावरण में सम्पन्न कराया जा सके तथा चुनाव ड्यूटी के दौरान किन–किन बातों ध्यान रखना है, के बारे में भी विस्तृत रूप से ब्रीफ किया गया । इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, चुनाव सेल प्रभारी संजय कुमार राय सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



## एनटीपीसी सिंगरौली वनिता समाज द्वारा बालिका सशक्तिकरण हेतु सार्थक पहल

संवाददाता

सोनभद्र। एनटीपीसी सिंगरौली,शक्तिनगर स्थित अंबेडकर विध्यालय में आसपास के गांवों के गरीब एवं जरूरतमन्द बच्चे निरूशुल्क अध्ययन की सुविधा प्राप्त कर अपनी मेधा से समाज में प्रतिष्ठित जीवन जी रहे हैं एवं सफलता की नई ऊंचाई हासिल कर रहे है। अंबेडकर विध्यालय को एनटीपीसी सिंगरौली सी एस आर योजना के तहत निरंतर हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है एवं बच्चों के अध्ययन में सुविधा हेतु शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, पेयजल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। शिक्षा सुविधा को और अधिक सुचारु बनाने के उद्देश्य से वनिता समाज की जयिता गोस्वामी,अध्यक्षा, लक्ष्मी श्रीनिवास,उपाध्यक्षा के कुशल नेतृत्व में अंबेडकर विध्यालय का दौरा किया गया एवं बच्चों के अध्ययन सुविधा को ध्यान में रखते हुए 15 जरूरतमंद बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। इस अवसर पर सद्भावना दिवस प्रतियोगिता के विजयी बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।वनिता समाज से प्राप्त सहायता हेतु विध्यालय प्रबंधन ने उनका आभार जताया एवं उनसे भविष्य में भी बच्चों के हित में कल्याणकारी कार्य किए जाने की प्रार्थना कीद्य वनिता समाज द्वारा नन्हें–मुन्ने बच्चों हेतु अलग से भी टाइनि टोट्स विध्यालय का संचालन किया जा रहा है जिससे आसपास के काफी बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। इसके अलावा वनिता समाज द्वारा समाज कल्याण के लिए भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं एवं महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष भर विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जाता है। आज के कार्यक्रम में वनिता समाज की मीनाक्षी मिश्रा,सचिव एवं अन्य वरिष्ठ सदस्याओं द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित किया गयाद्य कार्यक्रम में आसपास के गाँव के अभिभावक गण ,शिक्षण गण एवं एनटीपीसी के अधिकारी की उपस्थिति भी सराहनीय रही ।



## शोहरतगढ़ में कई गांवों में बिजली व्यवस्था हुई बदहाल,लोग परेशान

दैनिक बुद्ध का संदेश

शोहरतगढ़। बृहस्पतिवार देर रात आई आंधी की वजह से बिजली के पोल टूटकर गिर गए थे। जगह–जगह बिजली का पोल गिरने के कारण बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है। 36 घंटे बाद भी व्यवस्था बहाल नहीं हो पाई। 50 से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति ठप है। दो दिन हुई बूंदाबांदी के कारण बिजली आपूर्ति चरमरा गई है। बिजली के कारण लोगों की दिनचर्या पर भी असर पड़ रहा है। मोबाइज चार्ज करने के लिए लोग दूसरे गांवों में जा रहे हैं।तहसील क्षेत्र के बरगदवा स्टेशन व करहिया स्टेशन से चिल्हिया, करौती, बेलवा महदेवा, चनरगद्दी, सेहुड़ा, सेहुडी, खम्हरिया, खुरहुरिया, देवकलीगंज, बेलगड़ा, जगरगठिया, संतोरा, संतोरी, गंगाराम महदेवा, केसरा, गौहनिया, टेड़िया टेकनार, कपिया, अलीदापुर, मुड़िला खुर्द, मुड़िला बुजुर्ग, गजरौलिया, कपिया खालसा, पल्टादेवी, दत्तपुर, महला, महली, बगहवा, लुचुइया सहित आदि गांवों की बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। बढ़नी क्षेत्र के ढेबरुआ विद्युत उपकेंद्र से औदही कलां, तुलसियापुर, तालकुंडा, मनिकौरा, मटियार उर्फ भुतहवा, अहिरौला और बोहली विद्युत उपकेंद्र से खरिकौरा, बसंतपुर, बोहली, चंदई, चंदवा, गणेशपुर कोटिया, मोहनकोला, पिपरा 35 से अधिक गांव में विद्युत आपूर्ति बृहस्पतिवार रात से ही बाधित है। बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं को निजी उपकरण सहित घरेलू उपकरण चलाने के लिए परेशानी उठानी पड़ी। इस संबंध में जेई अनिल कुमार यादव ने बताया कि कई जगह तार व और पोल टूटने से ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सप्लाई नहीं हो पाई है। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए लाइनमैन ठीक करने में जुटे हुए हैं। जल्द ही सप्लाई बहाल कर दी जाएगी

## वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजी गई मां सरस्वती,छात्रों ने सरस्वती माता से ज्ञान और विद्या की कामना किए

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थ नगर। जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में वाणी, विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार से वाग्देवी की आराधना करते हुए छात्रों ने ज्ञान और विद्या की कामना की। विद्यालय के कोषाध्यक्ष गुलाब चंद्र गुप्त व उनकी धर्मपत्नी शकुंतला देवी द्वारा पंडित पाराशर मुनि मिश्र के साथ विधि विधान से पूजन कराया गया।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत प्रकृति और मानव के संयुक्त उमंग का महापर्व है। ऋतुराज वसंत के आगमन के साथ ही प्रकृति जीवंत और चौतन्य में हो उठती है ।बसंत की मादक तरंग मनुष्य के रग–रग में आह्लाद और उल्लास की स्फूर्ति भर देती है। छात्रों व विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दिलीप श्रीवास्तव द्वारा भी कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला ।उक्त अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक विनय, विद्यालय के प्रबंध समिति के सदस्य मदन मोहन सिंह ,कृष्ण नाथ पांडेय, वरिष्ठ आचार्य निमिष शुक्ल समेत समस्त आचार्य बंधुओं के साथ कार्यालय के बंधुओं ,कर्मचारी बंधुओं , अभिभावक गण व भैया बहनों की भी उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## पांचों विधानसभा में प्रत्याशी एक दूसरे पर भारी, आखिर कौन जितेगा

एम.पी.सिंह/ दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज में समाजवादी पार्टी ने बसपा से सपा में आयी गत चुनाव में मात्र 200 मतो से चुनाव हारी, मलिक सैय्यदा खातून को अपना प्रत्याशी बना दिया है, भाजपा अपने सिटिंग विधायक राघवेन्द्र पर ही भरोसा जताया है, किन्तु कांग्रेस आई भी पीछे नहीं और भाजपा का पर कतरने के लिये उसने पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता सच्चिदानन्द पाण्डेय की पत्नी को टिकट देकर लड़ाई को रोचक बना दिया है, मजे की बात यह है कि पुराने सपाई मलिक कमाल युसुफ और चिनकू यादव पार्टी द्वारा दरकिनार कर दिये गये, और जीत की प्रत्याशा वाले कन्डीडेटों को ही टिकट दिया गया। इसी प्रकार बांसी से सपा ने अपने जिला संगठन के अध्यक्ष को हर बार की तरह पुनः प्रत्याशी घोषित किया है, भाजपा ने अपने सिटिंग मंत्री जयप्रताप पर विश्वास जताया है तो कांग्रेस आई ने महिला कांग्रेस कार्यकर्ता किरण शुक्ला को टिकट देकर ब्राम्हण बाहुल्य क्षेत्र में भाजपा के लिये कड़ी चुनौती दे डाली। यही नहीं शोहरतगढ़ विधानसभा में जहां दो–दो चौधरी प्रत्याशी मैदान में है, वहीं सबसे विचित्र स्थिति इटवा की बन गई है,

इटवा विधानसभा में जहां बसपा ने भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हरिशंकर सिंह को टिकट देकर सभी प्रत्याशियों को समीकरण बिगाड़ रखा है, क्योंकि वहां पर पहले ही कांग्रेस आई ने एक मुस्लिम प्रत्याशी उतार दिया है, और सपा ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पर विश्वास जताया तथा भाजपा ने अपने सिटिंग मंत्री को टिकट दिया, इस प्रकार दो ब्राम्हण सपा और भाजपा के आमने–सामने होने से सभी का समीकरण जातीय लिहाज से बिगड़ चुका है, और कोई यह नहीं कह सकता है कि मैं ही अकेले सब पर भारी हूं। कपिलवस्तु सुरक्षित विधानसभा में तो कांग्रेस आई ने सपा का काफी दिनों प्रचार कर रहे, कन्हैया लाल कन्नौजिया को टिकट देकर सिटिंग विधायक श्यामधनी भाजपा और कई बार विधायक रह चुके सपा लीडर विजय पासवान को समाजवादी पार्टी द्वारा पुनः टिकट देकर लड़ाई को रोचक बना दिया है, सबसे ज्यादा निराशा सपा खेमे से शोहरतगढ़ में सामने आयी जब कांग्रेस आई छोड़कर पूर्व विधायक अनिल सिंह, और अपना दल अनुप्रिया का साथ छोड़कर टिकट के खातिर सपा में ज्वाइन करने वाले अमर सिंह चौधरी को नजरअंदाज कर ओमप्रकाश राजभर के एलायंस वाली पार्टी के खाते में शोहरतगढ़ सीट डाल दी और इस प्रकार पूर्व मंत्री दिनेश सिंह के सुपुत्र और ब्लॉक प्रमुख उग्रसेन सिंह को घोर निराशा हाथ लगी कि लोग जाये तो कहां जाये?

## भाजपा पदाधिकारियों ने प्रचार वाहन को दिखाई झण्डी

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। भाजपा प्रदेश कार्यालय से विधानसभा चुनाव के प्रचार प्रसार के लिये निकले वाहन का शोहरतगढ़ में नगर अध्यक्ष बबिता कसौधन की अगुवाई में अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, सांसद प्रभारी सूर्य प्रकाश पांडेय, रविन्द्र कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार अग्रवाल, रामशंकर चौबे, समीर चतुर्वेदी, कमलापति गुप्ता, अमित गुप्ता, धर्मेन्द्र अग्रहरि, गोलू पासवान, चंदन वर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान योगी– मोदी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम के भी जमकर नारे लगाए गये। स्वागत के बाद नगर अध्यक्ष बबिता कसौधन की अगुवाई में भाजपा का झण्डा दिखाकर वाहन को शोहरतगढ़ विधानसभा में प्रचार प्रसार हेतु रवाना किया गया। भाजपा नेता कृष्ण कुमार अग्रवाल ने बताया कि वाहन पर लगे स्क्रीन बोर्ड द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। प्रचार वाहन पूरी तैयारी के साथ विधानसभा क्षेत्र के नीबी दोहनी, छतहरा, गड़ाकुल, भारत माता चौक आदि प्रमुख चौराहो पर भाजपा नीतियों का प्रचार प्रसार करेंगे।



## कांग्रेस छोड़ सपा में शामिल हुए दीपक कुमार’

### कांग्रेस पार्टी में नही मिलता मान सम्मान सपा में अपने साथियों के साथ हुए शामिल

अनंत मिश्रा / दैनिक बुद्ध का संदेश



उसका बाजार । नगर पंचायत उसका बाजार के लोहिया नगर वार्ड नंबर 15 के कांग्रेस पार्टी के नेता दीपक कुमार ने अपने साथियों के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हो दीपक कुमार का कहना है कि कई वर्षो से कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य कर रहे थे लेकिन कांग्रेस पार्टी में मान सम्मान न मिलने से सपा में शामिल होना पड़ा विधान सभा चुनाव भी नजदीक है वही कांग्रेस को भी झटका लगा है कांग्रेस नेता दीपक कुमार ने उसका बाजार के बीस लोगो को सपा में शामिल कराए और अपने भी सपा की सदस्यता ग्रहण की सपा की सदस्यता पूर्व विधायक विजय पासवान ने कराई वही विजय विधायक विजय पासवान ने बताया कि लोगो की सफलता पूर्वक सदस्यता ग्रहण करवा दिया गया है प्रकाश यादव, महेश, राहुल, अज्जु अंसारी, जितेंद्र ,अजय ,सीताराम ,सुरेंद्र ,विशाल, दिलिया, अजय ,रामधनी, संतराम आदि लोग हुए सपा में शामिल।

# सम्पादकीय

## महिला अधिकारों के संघर्ष को नयी ताकत

*पाक सुप्रीम कोर्ट में पहली मर्तबा कोई महिला जज नियुक्त हुई हैं। उनकी नियुक्ति किसी की दया या सिफारिश पर नहीं, अपनी मेहनत और काबिलियत के बूते उन्होंने यह मुकाम पाया है। बुर्के–पर्दे में अपना समूचा जीवन जीने वाली पाकिस्तानी महिलाओं को जस्टिस आयशा मलिक की ताजपोशी ने उम्मीदों का नया संबल दिया है, जिसकी राह वहां की आधी आबादी आजादी से ताक रही थीं। ऐसी उम्मीद की खुशी पहली बार उनके हिस्से आई है। महिलाओं को मुकम्मल हक–हकूक दिलवाने में जस्टिस आयशा मलिक की पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट में पहली महिला जज के रूप में नियुक्ति किसी सपने जैसी है। पूरा जगत वाकिफ है कि वहां की महिलाओं के अधिकारों को कैसे सरेआम रौंदा जाता है। घर से बाहर निकलने की भी मनाही रही है, जो कार्य पुरुष करते हों, उसे कोई महिला करे, ये वहां के मुल्ला–मौलवियों को कभी नहीं भाया। किसी महिला ने हिम्मत दिखाई भी तो उसके खिलाफ फतवा या रूढ़िवादी कठोर बंदिशें लगा दी जाती रही हैं। लेकिन आयशा शायद उस पुरानी प्रथा को बदल पाएंगी। उनकी नियुक्ति महिलाओं को संबल देंगी। पाकिस्तान का सर्वोच्च न्यायालय इस्लामी गणराज्य की सर्वोच्च अदालत जरूर रही है, पर न्यायिक व्यवस्था में हमेशा से भेदभाव हुआ। शरियत कानून को मान्यता ज्यादा दी गई, जो सदैव पाकिस्तानी न्यायिक क्रम का शिखर बिन्दु रहा है। वहां की आधी आबादी से संबंध रखने वाली बदहाली की दर्दनाक तस्वीरें जब दिमाग में उमड़ती हैं तो लगता है कि कट्टर इस्लामिक मुल्क में एक महिला का सुप्रीम कोर्ट में जज बन जाना अपने आप में करिश्मा है। जज बनने से पहले भी आयशा मलिक अपने काम को लेकर चर्चा में रहीं। अपने स्वाभिमान से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। उनका नाम आज से दस–पंद्रह साल पहले तब सामने आया था जब उन्होंने भारतीय कैदी सरबजीत सिंह के पक्ष में एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि उनका केस न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे बढ़े, राजनीति नहीं होनी चाहिए। उनके बयान पर तब पाकिस्तान में बड़ा बवाल हुआ था। विरोधियों ने उन्हें भारत जाने तक को कह दिया था।*

*बहरहाल, जस्टिस आयशा मलिक अपनी मेहनत, लगन और ईमानदारी से सुप्रीम कोर्ट में जज बनी हैं। हालांकि छुटपुट विरोध अब भी हो रहा है। फिलहाल उनके नाम की मंजूरी हो चुकी है। पद ग्रहण कर लिया है। महिलाओं से जुड़े केसों को वह मुख्य रूप से देखा करेंगी। उनकी ताजपोशी से अब वहां की निचली अदालतों और हाईकोर्ट में भी महिला जजों की संख्या में इजाफा होगा। भारत के लिहाज से भी आयशा की नियुक्ति अहम है। शायद इसके बाद उनकी सोच में कुछ बदलाव आए। पाकिस्तान की संसदीय समिति ने भी आयशा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनसे महिलाओं को बहुत उम्मीदें हैं, उन्हें स्वतंत्रता से काम करने दिया जाएगा। उनके किसी फैसले पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। आयशा के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालें तो पता चलता है कि वह किसी बड़े घराने से ताल्लुक नहीं रखतीं। कठिन परिस्थितियों में एक साधारण परिवार से निकली हैं। आयशा कराची के एक छोटे गांव श्अब्बू हरदाच में तीन जून, 1966 को जन्मी थीं। आम लोगों की तरह गांव के ही सरकारी स्कूल से शुरुआती शिक्षा ग्रहण करने के बाद कराची के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स से स्नातक किया। लॉ की पढ़ाई उन्होंने लाहौर के कॉलेज ऑफ लॉ से की। उसके बाद उन्होंने अमेरिका में मेसाच्यूसेट्स के हॉवर्ड स्कूल ऑफ लॉ से भी शिक्षा प्राप्त की। खुद छोटे बच्चों को ट्यूशन देती थीं, जिससे अपनी पढ़ाई का खर्च निकाला करती थीं। पढने़ में अच्छी थीं, तभी उन्हें स्कॉलरशिप मिली। आयशा को 1998–1999 में श्लंदन एच गैमोन फेलोच के लिए भी चुना गया। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह अमेरिका में भी अपना करिअर शुरू कर सकती थीं, लेकिन उनको अपने यहां महिलाओं की बदहाली को दूर करना था। कुछ अलग करने का जज्बा लेकर ही वह सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई हैं। आयशा अमेरिका से 2003 में अपने मुल्क लौट आयी थीं। वहां से आने के बाद आयशा मलिक ने कराची की निचली अदालत में वकालत शुरू की। फखरूद्दीन इब्राहिम एंड कंपनी से जुड़ीं। बीते एक दशक से उन्होंने खूब नाम कमाया और कई मशहूर कानूनी फर्मों के साथ जुड़कर कई नामी केसों को सुलझवाया। निश्चित रूप से आयशा की नियुक्ति पाकिस्तान में नया इतिहास लिखेगी। वहां महिलाओं के हालात कैसे हैं, दुनिया में किसी से छिपे नहीं हैं। उम्मीद ऐसी भी की जानी चाहिए कि आयशा के जरिए दुनिया का नजरिया पाकिस्तान के प्रति बदले।*

# यूक्रेन में रूसी-अमेरिकी हितों का टकराव

जी. पार्थसारथी

दिसंबर, 1991 में जब सोवियत संघ का विघटन हुआ तो मुख्य चिंता संघ के घटक रहे मध्य एशियाई इस्लामिक प्रजातांत्रिक देशों में बड़ी संख्या में बसे रूसियों के भविष्य को लेकर थी। सौभाग्य से यह मुद्दा अधिकांशतरू राजनीतिक और शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जा चुका है। हालांकि चेचन्या के मुस्लिम बहुल इलाके में होने वाली हिंसा और सशस्त्र विद्रोह से सख्ती से निपटा गया था, जब इस गुट ने कुछ इस्लामिक देशों की मदद से हथियारबंद बगावत कर दी थी। मुस्लिम बहुल एशियाई प्रजातांत्रिक मुल्क मसलन कजाखिस्तान, उजबेकिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गीज़स्तान और तुर्कमेनिस्तान की सोवियत संघ के अलग होने की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हुई थी। इससे आगे समूचे मध्य एशिया में ज्यादातर धर्म–सहिष्णु सरकारें बन पाईं।

इन मुल्कों का नेतृत्व उन हाथों में बना रहा जो सोवियत संघ बिखरने से पहले भी प्रभावशाली थे। उन्होंने अक्लमंदी दिखाते हुए रूस और अपने रूसी भाई–बंदों से अच्छे संबंध कायम रखे और ठीक इसी वक्त धार्मिक कट्टरवाद को त्यागे रखा। इसके बदले में उन्हें रूस से धार्मिक चरमपंथियों से पार पाने में तगड़ी सहायता मिली जिन्हें अफगान तालिबान सहित बाहरी ताकतों की मदद प्राप्त थी। इतना ही नहीं, इन मध्य एशियाई देशों में विशाल संख्या में बसे रूसी वहीं बने रहे। जबकि सोवियत संघ के तीन पूर्व सदस्य यानी एस्टोनिया, लातविया और लिथुएनिया के अलावा सोवियत–वारसा संधि के भागीदार मुल्क बुल्गारिया, रोमानिया और स्लोवाकिया अमेरिका के नेतृत्व वाले नाटो सैनिक गठबंधन में शामिल हो गए।

लेकिन रूस और इसके पश्चिमी पड़ोसी यूक्रेन के बीच थल और जलीय सीमा क्षेत्र को लेकर तनाव गहराता गया। इसके पीछे रूस और यूक्रेन के बीच प्रतिद्वंद्विता और मतभेद का इतिहास रहा है। इसमें वर्ष 2004 में यूक्रेन में अमेरिकी दखलअंदाजी के बाद और इजाफा हुआ जब अमेरिका की शह प्राप्त राजनीतिक नेतृत्व ने राजधानी कीव में रूस मित्र यूक्रेनी सरकार को सत्ताच्युत कर दिया। रूस ने इस अमेरिकी हरकत को काला सागर और भूमध्य सागर के गर्म जलीय मार्गों तक उसकी पहुंच को नियंत्रित करने वाले यत्न की तरह लिया। राष्ट्रपति पुतिन ने इस खतरे का पूर्वानुमान लगाते हुए फरवरी, 2014 में निर्णायक कार्रवाई कर क्रीमिया क्षेत्र पर नियंत्रण बना लिया। इस तरह काला सागर तक रूस की निर्बाध पहुंच बनाए रखी।

क्रीमियाई प्रायद्वीप पर अपना शिकंजा कसने के बाद रूस ने अफगानिस्तान की सीमा से लगते मध्य एशियाई पूर्ववर्ती सोवियत घटक रहे मुस्लिम बहुल देश, जैसे कि उजबेकिस्तान, ताजिकिस्तान, किर्गीस्तान और तुर्कमेनिस्तान में सुरक्षा की भावना भरने पर ध्यान केंद्रित कर दिया। इन जटिलताओं के आलोक में पुतिन के नेतृत्व वाला रूस तालिबान के साथ व्यावहारिक रिश्ता बनाने में अग्रसर है। अफगानिस्तान के घटनाक्रम को लेकर रूस और भारत के बीच निकट संपर्क बना हुआ है। हालांकि यूरेशिया क्षेत्र पर रूस की चीन के साथ समझ बनी हुई है लेकिन रूस को पता है कि सीमा संबंधी मुद्दे पर चीनी हरकतों पर निकट नजर रखने की जरूरत है।

अमेरिका की गलतफहमी की परवाह न करते हुए भारत ने साफ कर दिया है कि वह रूस के साथ अपना पुराना निकट संबंध कायम रखेगा। अमेरिका की इस धमकी के बावजूद कि जो कोई मुल्क रूस से हथियार खरीदेगा उसे प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा, भारत ने रूस से महत्वपूर्ण रक्षा उपकरण पाने की प्रक्रिया पर आगे बढने़ का निर्णय लिया है, इसमें जमीन से हवा में मार करने वाली परिष्कृत एस–400 मिसाइल प्रणाली भी शामिल है।

अधिक महत्वपूर्ण यह कि पुतिन सरकार ने रूस–भारत संयुक्त उपक्रम से विकसित की गई और सटीक निशाने में समर्थ ब्रह्मोस मिसाइलें फिलीपींस को देने के निर्णय पर टोकने की बजाय भारत के साथ अपना रक्षा सहयोग मजबूत बनाए रखा है। कोविड महामारी के चरम के बावजूद राष्ट्रपति पुतिन भारत की यात्रा पर आए थे।

यह दर्शाता है कि रूस भारत के साथ रिश्ते को कितना महत्व देता है।

# आर्द्रभूमि का संरक्षण, गंगा का कायाकल्प

जी. अशोक कुमार,

एक संवेदनशील क्षेत्र के तौर पर वेटलैंड्स (आद्रभूमि) ऐसे अनोखे इकोसिस्टम हैं जहां जमीनी और जलीय प्राकृतिक वास आपस में मिलते हैं। ये झीलों, नदियों से इतर पानी से सराबोर रहने वाले क्षेत्र होते हैं। ये न तो पूरी तरह से शुष्क भूमि होती है और न ही पूरी तरह से पानी में डूबी होती है। इसमें दोनों विशेषताएं मौजूद होती हैं। रामसर कन्वेंशन के तहत आर्द्रभूमि को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार दलदल भूमि, पानी भरा रहने वाला मैदान, पिट (नमी वाला कोयला या अन्य) और पानी चाहे वह प्राकृतिक हो या कृत्रिम, स्थायी हो या अस्थायी, पानी रुका हो या बह रहा हो, ताजा, खारा या नमकीन, समुद्री जल क्षेत्र, जो कम ज्वार पर छह मीटर से अधिक गहरे न हो– आदि को आर्द्रभूमि कहते हैंय। आर्द्रभूमि एक प्रकार से प्राकृतिक अपशिष्ट जल शोधन वाले स्थान हैं क्योंकि वे प्रदूषकों को रोकने के साथ हानिकारक जीवाणुओं को बेअसर करने में सक्षम होते हैं। कार्बन सोखने की क्षमताओं के कारण, आर्द्रभूमि जलवायु परिवर्तन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आर्द्रभूमि भोजन का भी एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं जहां चावल और मछली होती है जिससे अरबों लोगों का पेट भरता है।

आर्द्रभूमि के नष्ट होने और इसे बेकार भू–भाग समझकर सुखाने, भरने और दूसरे उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल करने के विचार को देखते हुए, 2 फरवरी को हर साल श्विश्व आर्द्रभूमि दिवसय मनाया जाता है। इसका मकसद पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में इन महत्वपूर्ण जल क्षेत्रों की भूमिका के बारे में दुनियाभर में जागरूकता फैलाना है। इसी दिन 2 फरवरी 1971 में ईरान के रामसर शहर में वेंटलैंड्स कन्वेंशन आयोजित हुआ था। विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2022 का विषय लोगों और प्रकृति के लिए आर्द्रभूमि संरक्षण की कार्रवाई है, जिससे मानवीय उद्देश्यों के लिए आर्द्रभूमि के संरक्षण और सतत उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए किए जाने वाले कार्यों के महत्व पर जोर दिया जा सके।

भूजल के स्तर को बढ़ाने के अलावा, आर्द्रभूमि विशाल स्पंज (जलशोषक) या जलाशयों की तरह भी काम करती है जो भारी बारिश के दौरान अतिरिक्त पानी को अवशोषित कर लेती है। यहां बहुत ही समृद्ध जलीय जैव–विविधता पाई जाती है और ये महत्वपूर्ण पोषक तत्व परिवर्तक के रूप में कार्य करते हैं। आर्द्रभूमि पक्षियों की कई प्रजातियों के प्रजनन के लिए उचित वातावरण प्रदान करती है। आर्द्रभूमि में पर्यटन की भी अपार संभावनाएं हैं और हंटिंग, लंबी पैदल यात्रा, मछली पकडने़, पक्षियों को देखना और फोटोग्राफी जैसे कई लोकप्रिय मनोरंजक गतिविधियां भी यहां की जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) एक सार्वभौमिक एजेंडा सामने रखता है, जिसमें पानी की कमी को दूर करने के लिए आर्द्रभूमि सहित पानी के अन्य पारिस्थितिकी तंत्र के प्रबंधन और उसके पुनरोद्धार की जरूरत पर जोर दिया गया है। इस तरह, आर्द्रभूमि दुनियाभर में पानी, भोजन और जलवायु से संबंधित कई चुनौतियों का समाधान करने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हो जाती हैं।

नदी के कायाकल्प में आर्द्रभूमि का संरक्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नदियों की पारिस्थितिक और भूगर्भीय चीजों के संरक्षण में मदद करता है। नदियों में प्राकृतिक बहाव को बनाए रखने में आर्द्रभूमि का योगदान नदियों, विशेष रूप से गंगा को बचाने में इन जल क्षेत्रों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में से एक है भारत में लगभग 4.6 प्रतिशत भूमि आर्द्रभूमि के रूप में है, जो 15.26 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। भारत में ऐसी 47 जगहें हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय महत्व की आर्द्रभूमि (रामसर साइट्स) के रूप में मान्यता मिली हुई है, जिसके सतह का क्षेत्रफल 1.08 मिलियन हेक्टेयर से अधिक है। भारत के 47 रामसर स्थलों में से 21 गंगा बेसिन में हैं। अधिकतर रामसर स्थल उत्तर प्रदेश राज्य (9) में हैं, जो एक गंगा बेसिन राज्य है। वेटलैंड्स दुनिया के सबसे चुनौतीपूर्ण नदी कायाकल्प परियोजना में से एक–नमामि गंगे कार्यक्रम से अटूट रूप से जुड़े हैं। आर्द्रभूमि नदी के बेसिन क्षेत्र में समग्र जल विज्ञान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उप–सतह व नदी धाराओं में जल प्रवाह में अहम योगदान करती है। गंगा बेसिन भारत में सबसे समृद्ध नदी प्रणाली है और इससे विविध प्राकृतिक और मानव निर्मित आर्द्रभूमि तैयार होती है जो गंगा और उसकी सहायक नदियों के साथ पारिस्थितिक और जलीय रूप से जुड़े हुए हैं। 4500 से अधिक जलाशय गंगा बेसिन की आर्द्रभूमि व्यवस्थाओं का एक अभिन्न हिस्सा हैं। एमओईएफ एंड सीसी द्वारा राष्ट्रीय प्राथमिकता के रूप में चिन्हित 180 वेटलैंड्स में से 49 गंगा बेसिन में स्थित हैं (हिमाचल प्रदेश में एक, उत्तराखंड में सात, हरियाणा में दो, राजस्थान में चार, मध्य प्रदेश में नौ, उत्तर प्रदेश में 16, बिहार में तीन और पश्चिम बंगाल में सात)। साल 2020 में, भारत में घोषित कुल 14 स्थलों में से 9 रामसर स्थलों को गंगा के मुख्य प्रवाह पथ– उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार में घोषित किया गया है। सुर सागर कीठम, काबर ताल और आसन इसके कुछ उदाहरण हैं। आर्द्रभूमि की सूची में नया नाम भी उत्तर प्रदेश के गंगा बेसिन– हैदरपुर वेटलैंड का है, जिसे दिसंबर 2021 में मान्यता मिली। 2021 और 2022 में शामिल किए गए अन्य वेटलैंड्स में त्सो कर आर्द्रभूमि क्षेत्र, लद्दाख, लोनार झील, महाराष्ट्र, थोल झील वन्यजीव अभयारण्य और वाधवाना वेटलैंड (गुजरात) और हरियाणा में सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान व भिंडावास वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। सुंदरबन खारे पानी का दलदली क्षेत्र है जो भारत और बांग्लादेश के भूभाग में फैला हुआ है। यह दुनिया में सबसे बड़ा मैंग्रोव वन है और पश्चिम बंगाल में गंगा नदी के डेल्टा के पास बहकर आई मिट्टी पर स्थित है। पर्यावरण मंत्रालय के साथ मिलकर काम करते हुए, गंगा बेसिन में राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरणों को मजबूत किया जा रहा है और अन्य राज्यों को आर्द्रभूमि को मान्यता देने व रामसर स्थलों के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। नमामि गंगे कार्यक्रम विश्व वन्य कोष (डब्लूडब्लूएफ), भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्लूआईआई), राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण आदि जैसे कई साझीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है जिससे आर्द्रभूमि के संरक्षण के लिए एक संस्थागत संरचना तैयार की जा सके। 27 जिलों में गंगा नदी के 10 किमी के बफर क्षेत्र के भीतर राज्य में 282 गंगा के बाढ़ वाले वेटलैंड्स के व्यापक संरक्षण और प्रबंधन के लिए जून 2020 में उत्तर प्रदेश में गंगा के बाढ़ के मैदानों का संरक्षण और सतत प्रबंधन परियोजना को मंजूरी दी गई थी। शहरी आर्द्रभूमि के प्रबंधन के लिए शहरी आर्द्रभूमि/जल निकाय प्रबंधन दिशा–निर्देश नामक एक टूल किट भी एसपीए, नई दिल्ली द्वारा तैयार किया गया है। विकेंद्रीकृत जल भंडारण प्रणालियों के रूप में कार्य करते हुए पेयजल उपलब्ध कराने में छोटे वेटलैंड्स की भूमिका को देखते हुए, एनएमसीजी ने डब्लूडब्लूएफ के सहयोग से जिला स्तर की संस्थाओं को आर्द्रभूमि की पहचान करने, वस्तुसूची बनाने, जमीनी सत्यापन करने और उनके संरक्षण के लिए कार्य योजना विकसित करने में सहयोग करने के लिए जिला गंगा समितियों के साथ एक कार्यक्रम शुरू किया है। आर्द्रभूमि की सुरक्षा और संरक्षण एनएमसीजी की प्राथमिकताओं में से एक है, जो आर्द्रभूमि संरक्षण को बेसिन स्तर पर लाने का प्रयास कर रहा है।

हाल के समय में, आर्द्रभूमि के संरक्षण और बचाव को सामान्य रूप से भारत के जल संरक्षण प्रयासों और विशेष रूप से नदी कायाकल्प पहलों में सबसे आगे रखा जा रहा है। जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में आर्द्रभूमि के महत्व को स्वीकार करते हुए, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) ने नेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबल कोस्टल मैनेजमेंट, चेन्नई के एक हिस्से के रूप में अपनी तरह का पहला वेटलैंड संरक्षण और प्रबंधन केंद्र (सीडब्लूसीएम) स्थापित किया है। इस केंद्र की स्थापना विशिष्ट अनुसंधान जरूरतों और जानकारी जुटाने के साथ–साथ एकीकृत तरीके से आर्द्रभूमि के संरक्षण, प्रबंधन और बेहतर उपयोग में सहायता के लिए की गई है।

# गुणवान अनाज

यूं तो केंद्र सरकार के आगामी वित्तीय वर्ष के बजट में किसानों के लिये कई बड़ी घोषणाएं की गयी हैं जिनमें एमएसपी के लिये एकमुश्त रकम तय करने, 1208 मीट्रिक टन गेहूं–धान खरीदने, प्राकृतिक खेती विकसित करने के लिये राज्यों व एमएसएमई की भागीदारी बढ़ाने, ड्रोन का उपयोग बढ़ाने, केन–बेतवा लिंक योजना से सिंचाई का दायरा बढ़ाने, रेलवे की मदद से लॉजिस्टिक विकसित करने जैसी घोषणाएं शामिल हैं। लेकिन एक घोषणा ने देश का ध्यान खींचा, वह है इस साल को मोटा अनाज वर्ष के रूप में मनाया जाना। दरअसल, सदियों से भारत में मोटे अनाज का उत्पादन होता रहा है। इसकी वजह यह कि इसकी उत्पादन लागत कम होती है। अधिक तापमान में खेती संभव है। इसमें सिंचाई के लिये पानी की कम खपत होती है। साथ ही कम उपजाऊ भूमि में इसका उत्पादन हो सकता है। इसके अलावा कीटनाशकों की कम जरूरत होती है और किसान रासायनिक खादों से परहेज करते हुए कंपोस्ट खाद से भी इसका उत्पादन कर सकते हैं। दरअसल, केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 में इस दिशा में पहल की थी जिसके उपरांत मोटे अनाज का उत्पादन जो वर्ष 2017–18 में 164 लाख टन था, वह वर्ष 2020–21 जून–जुलाई में बढ़कर 176 लाख टन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस मुद्दे पर विशेष ध्यान रहा और उन्होंने वैश्विक स्तर पर भी प्रयास किये। यह भारत के प्रयासों की बड़ी कामयाबी है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए वर्ष 2023 को मोटे अनाज का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष घोषित किया है। दरअसल,मोटे अनाज में बाजरा, ज्वार, जौ, कोदो आदि फसलें आती हैं। इस प्रस्ताव को दुनिया के 70 देशों का समर्थन मिला है। निस्संदेह यह इन फसलों के पारिस्थितिकीय लाभ को प्रोत्साहित करने की ओर सार्थक कदम है। इस पहल से न केवल खाद्य सुरक्षा व किसानों के कल्याण को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि यह कृषि वैज्ञानिकों और स्टार्ट–अप समूहों के लिये शोध व नवोन्मेष के रास्ते खोलता है। निस्संदेह, वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित करने से अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भारतीय किसानों के लिये नये अवसर विकसित होते हैं। देश के संदर्भ में यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इनकी पौष्टिकता की संभावनाओं से लोगों के स्वास्थ्य की भी रक्षा होती है। जाहिरा तौर पर परंपरागत फसलों से अधिक कीमत होने के कारण बाजार में ज्वार–बाजरा जैसे मोटे अनाज की मांग बढ़ेगी। इन फसलों के उत्पादन में पानी, रासायनिक खाद व कीटनाशकों की खपत कम होने से किसान की लागत घटेगी। कम उपजाऊ मिट्टी में इन फसलों की खेती की जा सकती है। इतना ही नहीं, ग्लोबल वार्मिंग संकट के चलते मौजूदा फसलों पर जो खतरा मंडरा रहा है, उसे भी कम किया जा सकेगा। बशर्ते अनाज विपणन, भंडारण और आपूर्ति शृंखला की विसंगितियों को दूर किया जाए। देश के कृषि व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए। दरअसल, हरित क्रांति के बाद खेती–किसानी के तौर–तरीके बदले और कृषि गेहूं–धान पर केंद्रित हो गई। इसका एक कारण इन फसलों को मिलने वाले न्यूनतम समर्थन का

## राशिफल

मेष : जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव।

बृषभ : कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। असीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। शिक्षा–प्रतियोगिता में परिश्रम तीब्र होगा।

मिथुन : आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेंगी। राजनीतिज्ञों की सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क : नैतिक–अनैतिक के बारे में सोचने वाला मन भौतिक परिवेश के साथ तालमेल बिठाने में असमर्थ होगा। दूसरों की सफलता से अपने अन्दर हीन भावना न आने दें। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा।

सिंह : आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी, थोड़ धैर्य पूर्वक वक्त का इंतजार करें। बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

कन्या : किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें क्योंकि आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। घर में मधुरता बनाये रखें।

तुला : निर्थक दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

वृश्चिक : नौकरी का वातावरण अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कार्यक्षेत्र में क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है।

धनु : रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलेगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। दूसरों की बात इधर से उधर न करें तथा निर्थक दूसरों की आलोचना भी न करें, अन्यथा अपयश की आशंका है।

मकर : प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। रोजगार क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चात संभव। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे।

कुंभ : किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकषर्ण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई–नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव।

मीन : किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। नये कार्यों के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नाजुक संबंधों में तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ पर धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

संवाददाता

हरदोई। गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी पर बसंत पर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती का पूजन कर यज्ञ में विशेष आहुतियां दी।

गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने कहा कि बसंत मन में नव उमंग एवं हृदय में सजलभाव को जगाता है। नई आशाओं एवं कामनाओं को जन्म देता है। संभवतरू इन्हीं सब कामनाओं को परिष्कृत एवं उदात्त करने के लिए सरस्वती पूजन की परंपरा प्रचलित हुई है। बसंत पंचमी उमंग, उल्लास तथा बुद्धि,विद्या एवं ज्ञान के समन्वय का पर्व है।

उन्होने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि,विद्या और ज्ञान के द्वारा भौतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति का पथ प्रशस्त करता है। विवेक का प्रज्वलन ही इस पर्व का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। यह पावन दिवस ही गायत्री परिवार के जनक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का आध्यात्मिक जन्मदिवस भी है। अतरू यह पावन दिवस संकल्प का पर्व है, मानवता के लिए जीने का पर्व है। जीवन को प्रकृति के साथ एकाकार करने का उत्सव है। बसंत में जीवन, आशा,उत्साह,उमंग से भरा रहे तथा विद्या और बुद्धि का समुचित सुनियोजित हो रहे,तभी इस पर्व की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डी के सिंह ने कहा कि ऋतुराज बसंत के आगमन के साथ ही प्रकृति जीवंत एवं चौतन्यमय हो उठती है। प्रकृति कुसुम–कलिकाओं की सुगंध से गमक उठती है। बसंत की यह मादक तरंग मनुष्य के रग–रग में आह्लाद और उल्लास की नवस्फूर्ति भर देती है। प्रकृति के इस सुंदर आंगन में मानव नूतन सौंदर्य बोध को अगणित आकार देता है। इन्हीं सब कारणों से वसंतोत्सव भारत की सर्वाधिक प्राचीन और सशक्त परंपरा रही है।

कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र विश्नोई ने श्रद्धालुओं से कहा कि वसंत के आगमन से शीतकालीन जड़ता समाप्त हो जाती है। प्रकृतिस्थ होकर मानव भी उल्लसित हो उठता है। मनुष्य के अंदर का यह उल्लास समाज में आह्लादमय उत्सव के रूप में प्रकट होता है। बसंत के नव परिवेश में मानवीय इच्छा,आशाएं एवं कामनाएं अंगड़ाई लेती हैं। प्रकृति प्रदत्त इन भावों के परिष्कृत व उदात्त रहने के लिए ज्ञान की आवश्यकता है। अतरू बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी सरस्वती का पूजन किया जाता है, ताकि मानव उत्साह और उल्लास के साथ ही आत्मज्योति को प्रज्वलित कर सके। वह तमस से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ सके। सरस्वती की साधना एवं उपासना बसंत के उल्लास के साथ त्याग, तप और आनंद का परिचायक है। उनकी उपासना–आराधना वैदिक धर्मावलंबियों तक ही सीमित नहीं है, जैन मतावलंबी भी इनकी उपासना करते हैं। बौद्ध धर्म ने भी मां सरस्वती को अपने भक्तों को ज्ञान एवं समृद्धि देने वाली शक्ति के रूप में निरूपित किया है। भारतीय मनीषा ने मां सरस्वती को साधना से जोड़कर और भी अवर्णनीय बना दिया है।

यज्ञ का संचालन कर रहे ट्रस्टी मृदुल कपूर ने कहा सरस्वती पूजन बसंत की उमंग के साथ त्याग,तप और आनंद का पर्व है। उस पर्व को कविगणों ने अपनी रचनाओं में अभिन्न स्थान दिया है। उन्होंने देवी सरस्वती की ज्ञान एवं कला की देवी के रूप में उपासना, अभ्यर्थना की है। एक ओर जहां सरस्वती संस्कृति के प्रतिमानों में उतरी हैं, वहीं दूसरी ओर भारतीय वैदिक साहित्य से पुराण और अन्य धार्मिक साहित्य में भी उनका स्वरूप दृष्टिगोचर होता है। सरस्वती विद्या,कला और संगीत की सबसे प्राचीन अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। इस तरह बसंत के इस दिव्य वातावरण में वासंती छटा एवं ज्ञान के आलोक का समन्वय एक नवीन एवं अमूर्त भाव का सृजन करता । विवेक कुमार ,प्रशांत यादव, बालकृष्ण गुप्ता, फूल सिंह यादव, सूबेदार राठौर, पंकज वर्मा, देवेंद्र मिश्रा सुनील राठौर श्सुधीर राठौर, रामेश्वर शर्मा ,अनिल राठौर निखिल गुप्ता व अनूप कार्यक्रम की व्यवस्थाएं देखीं।

# बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मनाया गया बसंतोत्सव

संवाददाता

हरदोई। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यालयबसंत पंचमी के पावन पर्व पर मनाया गया बसंतोत्सव |बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्यालय सीएसएकेडमी निकट बंजर बाबा हरदोई में मां सरस्वती जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया गया और विद्या की देवी मां सरस्वती के लिए दीप प्रज्वलित किए गए।

इस कार्यक्रम में श्री डाल सिंह के प्रबंधक अखिलेश सिंह भी मौजूद रहे तथा बच्चों को इस खास दिन का महत्व भी समझाया गया।

कार्यक्रम के दौरान बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां हुई। विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या सिंह,अंकुर पांडे ने शिरकत की तथा सब ने बच्चों को महिला सशक्तिकरण का महत्व समझाया। विद्यालय के प्रबंधक कमलेश सिंह तथा प्रधानाचार्य रेनू मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संचालन का कार्य अध्यापक दिग्विजय सिंह व पूर्णिमा पांडे द्वारा किया गया और अध्यापक गण में किशन दीक्षित, अजय दीक्षित, आलोक सिंह, विशाल सिंह, शिल्पी सिंह, शिखा सिंह,सबीना बानो मौजूद रहे।

# जिला प्रभारी भाजपा के नेतृत्व में हुई बूथ प्रबंधन की बैठक

संवाददाता

हरदोई। भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी प्रकाश पाल के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र सेक्टरों की १५६ सदर विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर बैठक में रणनीति तय हुई।

जिला प्रभारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सदर विधानसभा के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओ को घर से एक एक वोट भाजपा के समर्थन में डलवाने हैं।

बूथ अध्यक्षों को अपने अपने बूथ के वरिष्ठ या दिव्यांग मतदाताओं को फॉर्म १२ भरवाकर बीएलओ और जिला प्रशासन से संपर्क कर मतदान सुनिश्चित कराने का प्रबंध करे। जिससे मतदाता को परेशानी का ना करना पड़े सामना।

गुजरात से जिले के प्रवास पर आये पूर्व मंत्री विधायक कांति भाई ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आमजन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करे। संकल्प ले कि हर बूथ जीतकर भाजपा की सदर विधानसभा को बहुमत से जिताने का कार्य करेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार के पांच साल जनता के लिए रामराज्य साबित हुए। राम मंदिर निर्माण,धारा ३७०, मुफ्त राशन व्यवस्था, महिलाओ को प्रधानमंत्री आवास,महिलाओ को राशन कार्ड,महिलाओ को सिलेंडर कनेक्शन, प्रदेश की धरती से माफियाओं को जमींदोज करना, शिक्षा माफिया को खत्म करना, मेट्रो ट्रेन का विस्तार, डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण। ७० साल पुराने मुद्दो को सुलझाने के साथ भारत को विकास के पथ पर बढ़ाते हुए एक नए भारत का निर्माण भाजपा कर रही है।

जिला मंत्री मीना वर्मा ने कहा कि सदर विधानसभा में जाम की समस्या को सुलझाते हुए प्रदेश सरकार ने बायपास बनाने की दी स्वीकृति। जनपद में गंगा एक्सप्रेसवे का जल्द होगा निर्माण। स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करते हुए शहर को मेडिकल कॉलेज का दिया तोहफा। विपक्षी पार्टियां के पास चुनाव लड़ने को नही है मुद्दे। भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से दोबारा २०२२ में बनाएगी सरकार।

जिला मंत्री मीना वर्मा, नीतू चंद्रा,प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी,मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक,सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया विधान सभा

सह प्रभारी विपिन सिंह, विधानसभा संयोजक अविनाश मिश्र,विस्तारक दिवाकर,मंडल अध्यक्ष गण तथा शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे।

# गायत्री प्रज्ञा पीठ पर धूमधाम से मनाया गया बसंत पंचमी का पर्व

## बसंतोत्सव भारत की सर्वाधिक प्राचीन और सशक्त परंपरा-कोतवाल डी के सिंह

## उल्लास व ज्ञान के समन्वय का पर्व-वसंत पंचमी-अतुल कपूर

संवाददाता

हरदोई। गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी पर बसंत पर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने मां सरस्वती का पूजन कर यज्ञ में विशेष आहुतियां दी।

गायत्री प्रज्ञा पीठ के प्रमुख ट्रस्टी अतुल कपूर ने कहा कि बसंत मन में नव उमंग एवं हृदय में सजलभाव को जगाता है। नई आशाओं एवं कामनाओं को जन्म देता है। संभवतरू इन्हीं सब कामनाओं को परिष्कृत एवं उदात्त करने के लिए सरस्वती पूजन की परंपरा प्रचलित हुई है। बसंत पंचमी उमंग, उल्लास तथा बुद्धि,विद्या एवं ज्ञान के समन्वय का पर्व है।

उन्होने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व बुद्धि,विद्या और ज्ञान के द्वारा भौतिक एवं आध्यात्मिक प्रगति का पथ प्रशस्त करता है। विवेक का प्रज्वलन ही इस पर्व का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। यह पावन दिवस ही गायत्री परिवार के जनक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी का आध्यात्मिक जन्मदिवस भी है। अतरू यह पावन दिवस संकल्प का पर्व है, मानवता के लिए जीने का पर्व है। जीवन को प्रकृति के साथ एकाकार करने का उत्सव है। बसंत में जीवन, आशा,उत्साह,उमंग से भरा रहे तथा विद्या और बुद्धि का समुचित सुनियोजित हो रहे,तभी इस पर्व की सार्थकता सिद्ध हो सकती है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डी के सिंह ने कहा कि ऋतुराज बसंत के आगमन के साथ ही प्रकृति जीवंत एवं चौतन्यमय हो उठती है। प्रकृति कुसुम–कलिकाओं की सुगंध से गमक उठती है। बसंत की यह मादक तरंग मनुष्य के रग–रग में आह्लाद और उल्लास की नवस्फूर्ति भर देती है। प्रकृति के इस सुंदर आंगन में मानव नूतन सौंदर्य बोध को अगणित आकार देता है। इन्हीं सब कारणों से वसंतोत्सव भारत की सर्वाधिक प्राचीन और सशक्त परंपरा रही है।

कस्बा इंचार्ज धर्मेंद्र विश्नोई ने श्रद्धालुओं से कहा कि वसंत के आगमन से शीतकालीन जड़ता समाप्त हो जाती है। प्रकृतिस्थ होकर मानव भी उल्लसित हो उठता है। मनुष्य के अंदर का यह उल्लास समाज में आह्लादमय उत्सव के रूप में प्रकट होता है। बसंत के नव परिवेश में मानवीय इच्छा,आशाएं एवं कामनाएं अंगड़ाई लेती हैं। प्रकृति प्रदत्त इन भावों के परिष्कृत व उदात्त रहने के लिए ज्ञान की आवश्यकता है। अतरू बसंत पंचमी पर ज्ञान की देवी सरस्वती का पूजन किया जाता है, ताकि मानव उत्साह और उल्लास के साथ ही आत्मज्योति को प्रज्वलित कर सके।

वह तमस से प्रकाश की ओर, अज्ञान से ज्ञान की ओर बढ़ सके। सरस्वती की साधना एवं उपासना बसंत के उल्लास के साथ त्याग, तप और आनंद का परिचायक है। उनकी उपासना–आराधना वैदिक धर्मावलंबियों तक ही सीमित नहीं है, जैन मतावलंबी भी इनकी उपासना करते हैं। बौद्ध धर्म ने भी मां सरस्वती को अपने भक्तों को ज्ञान एवं समृद्धि देने वाली शक्ति के रूप में निरूपित किया है। भारतीय मनीषा ने मां सरस्वती को साधना से जोड़कर और भी अवर्णनीय बना दिया है।

यज्ञ का संचालन कर रहे ट्रस्टी मृदुल कपूर ने कहा सरस्वती पूजन बसंत की उमंग के साथ त्याग,तप और आनंद का पर्व है। उस पर्व को कविगणों ने अपनी रचनाओं में अभिन्न स्थान दिया है। उन्होंने देवी सरस्वती की ज्ञान एवं कला की देवी के रूप में उपासना, अभ्यर्थना की है। एक ओर जहां सरस्वती संस्कृति के प्रतिमानों में उतरी हैं, वहीं दूसरी ओर भारतीय वैदिक साहित्य से पुराण और अन्य धार्मिक साहित्य में भी उनका स्वरूप दृष्टिगोचर होता है। सरस्वती विद्या,कला और संगीत की सबसे प्राचीन अधिष्ठात्री देवी मानी जाती हैं। इस तरह बसंत के इस दिव्य वातावरण में वासंती छटा एवं ज्ञान के आलोक का समन्वय एक नवीन एवं अमूर्त भाव का सृजन करता । विवेक कुमार ,प्रशांत यादव, बालकृष्ण गुप्ता, फूल सिंह यादव, सूबेदार राठौर, पंकज वर्मा, देवेंद्र मिश्रा सुनील राठौर श्सुधीर राठौर, रामेश्वर शर्मा ,अनिल राठौर निखिल गुप्ता व अनूप कार्यक्रम की व्यवस्थाएं देखीं।

# अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्जकर उसकी प्रति सीडीओ कार्यालय में प्रेषित करे: अजय प्रताप सिंह

संवाददाता

हरदोई। जिला विकास अधिकारी/सहा प्रभारी अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, अजय प्रताप सिंह ने बताया है कि फार्मासिस्ट, पशु चिकित्सालय गौसगंज राकेश कुमार वर्मा, सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय मेंहदीखेड़ा सुनीता कुमारी, सहायक अध्यापक संविवि बड़ौरा विशाल गौतम 27 जनवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में तथा सहायक अध्यापक भारतीय इन्टर कालेज पिहानी मो आजम खॉ, सहायक अध्यापक संविलियन विद्यालय टिकारी कछौना राम चन्द्र 29 जनवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में व पसहाग्रुप सी उसकृपं अधिकारी अशोक कुमार, पशु चिकित्साधिकारी सदरपुर गीता पटेल 31 जनवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में और प्रधान अध्यापक प्रावि कटरी मोहनपुरवा बिलग्राम मंजरी यादव 01 फरवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिको के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक द्वारा विभागीय अधिकारियों को सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध आरोप पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करने तथा 01 फरवरी 2022 को अपरान्हन 02.00 बजे से राजकीय इन्टर कालेज हरदोई में आहूत प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु इन कार्मिको को निर्देशित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे, और सूचित किया गया था कि अनुपस्थित की दशा में उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी। इसके बावजूद इन कार्मिको द्वारा आदेश की अवहेलना की गयी। जोकि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत प्राविधानों का उल्लंघन तथा चुनावी प्रक्रिया में एक व्यवधान है।

उन्होने प्रभारी निरीक्षक शहर कोतवाली से कहा है कि अनुपस्थित कार्मिको के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में निहित धाराओं के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्जकर उसकी प्रति मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करे। सीएसएकेडमी निकट बंजर बाबा हरदोई में मां सरस्वती जी का जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा कार्यक्रम के दौरान नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया गया और विद्या की देवी मां सरस्वती के लिए दीप प्रज्वलित किए गए।

इस कार्यक्रम में श्री डाल सिंह के प्रबंधक अखिलेश सिंह भी मौजूद रहे तथा बच्चों को इस खास दिन का महत्व भी समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां हुई। विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में विद्या सिंह,अंकुर पांडे ने शिरकत की तथा सब ने बच्चों को महिला सशक्तिकरण का महत्व समझाया।

विद्यालय के प्रबंधक कमलेश सिंह तथा प्रधानाचार्य रेनू मिश्रा ने मुख्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संचालन का कार्य अध्यापक दिग्विजय सिंह व पूर्णिमा पांडे द्वारा किया गया और अध्यापक गण में किशन दीक्षित, अजय दीक्षित, आलोक सिंह, विशाल सिंह, शिल्पी सिंह, शिखा सिंह,सबीना बानो मौजूद रहे।

# अनुपस्थित कार्मिको के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्जकर उसकी प्रति सीडीओ कार्यालय में प्रेषित करे:-अजय प्रताप सिंह

संवाददाता

हरदोई। जिला विकास अधिकारी/सहा प्रभारी अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, अजय प्रताप सिंह ने बताया है कि फार्मासिस्ट, पशु चिकित्सालय गौसगंज राकेश कुमार वर्मा, सहायक अध्यापक कम्पोजिट विद्यालय मेंहदीखेड़ा सुनीता कुमारी, सहायक अध्यापक संविवि बड़ौरा विशाल गौतम 27 जनवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में तथा सहायक अध्यापक भारतीय इन्टर कालेज पिहानी मो आजम खॉ, सहायक अध्यापक संविलियन विद्यालय टिकारी कछौना राम चन्द्र 29 जनवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में व पसहाग्रुप सी उसकृपं अधिकारी अशोक कुमार, पशु चिकित्साधिकारी सदरपुर गीता पटेल 31 जनवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में और प्रधान अध्यापक प्रावि कटरी मोहनपुरवा बिलग्राम मंजरी यादव 01 फरवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिको के सम्बन्ध में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक द्वारा विभागीय अधिकारियों को सम्बन्धित कार्मिकों के विरूद्ध आरोप पत्र जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करने तथा 01 फरवरी 2022 को अपरान्हन 02.00 बजे से राजकीय इन्टर कालेज हरदोई में आहूत प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु इन कार्मिको को निर्देशित करने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये थे, और सूचित किया गया था कि अनुपस्थित की दशा में उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।

इसके बावजूद इन कार्मिको द्वारा आदेश की अवहेलना की गयी। जोकि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के सुसंगत प्राविधानों का उल्लंघन तथा चुनावी प्रक्रिया में एक व्यवधान है। उन्होने प्रभारी निरीक्षक शहर कोतवाली से कहा है।

# जिला प्रभारी भाजपा के नेतृत्व में हुई बूथ प्रबंधन की बैठक

संवाददाता

हरदोई। भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी प्रकाश पाल के नेतृत्व में बूथ अध्यक्षों और शक्ति केंद्र सेक्टरों की १५६ सदर विधानसभा में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर बैठक में रणनीति तय हुई।

जिला प्रभारी ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सदर विधानसभा के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओ को घर से एक एक वोट भाजपा के समर्थन में डलवाने हैं। बूथ अध्यक्षों को अपने अपने बूथ के वरिष्ठ या दिव्यांग मतदाताओं को फॉर्म १२ भरवाकर बीएलओ और जिला प्रशासन से संपर्क कर मतदान सुनिश्चित कराने का प्रबंध करे। जिससे मतदाता को परेशानी का ना करना पड़े सामना।

गुजरात से जिले के प्रवास पर आये पूर्व मंत्री विधायक कांति भाई ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को आमजन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करे। संकल्प ले कि हर बूथ जीतकर भाजपा की सदर विधानसभा को बहुमत से जिताने का कार्य करेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक ने कहा कि भाजपा सरकार के पांच साल जनता के लिए रामराज्य साबित हुए। राम मंदिर निर्माण,धारा ३७०, मुफ्त राशन व्यवस्था, महिलाओ को प्रधानमंत्री आवास,महिलाओ को राशन कार्ड,महिलाओ को सिलेंडर कनेक्शन, प्रदेश की धरती से माफियाओं को जमींदोज करना, शिक्षा माफिया को खत्म करना, मेट्रो ट्रेन का विस्तार, डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण। ७० साल पुराने मुद्दो को सुलझाने के साथ भारत को विकास के पथ पर बढ़ाते हुए एक नए भारत का निर्माण भाजपा कर रही है।

जिला मंत्री मीना वर्मा ने कहा कि सदर विधानसभा में जाम की समस्या को सुलझाते हुए प्रदेश सरकार ने बायपास बनाने की दी स्वीकृति। जनपद में गंगा एक्सप्रेसवे का जल्द होगा निर्माण। स्वास्थ्य सुविधाओं को दुरुस्त करते हुए शहर को मेडिकल कॉलेज का दिया तोहफा। विपक्षी पार्टियां के पास चुनाव लड़ने को नही है मुद्दे। भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से दोबारा २०२२ में बनाएगी सरकार।

जिला मंत्री मीना वर्मा, नीतू चंद्रा,प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी,मीडिया प्रभारी गंगेश पाठक,सह मीडिया प्रभारी परेश लोहिया विधान सभा सह प्रभारी विपिन सिंह, विधानसभा संयोजक अविनाश मिश्र,विस्तारक दिवाकर,मंडल अध्यक्ष गण तथा शक्ति केंद्र संयोजक मौजूद रहे।

# कहां से खरीदे गए थे हथियार, ओवैसी पर हमले में कौन-कौन शामिल?

संवाददाता

मेरठ। मेरठ में चुनाव प्रचार के बाद दिल्ली लौट रहे सांसद ओवैसी पर हुए हमले में कई चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। हमले के बाद हालांकि दो आरोपियों को गिरफ्तार करके उन्हें 14 दिन की जेल भी हो चुकी है, इसके बाद भी अभी कई और लोगों के हमले में शामिल होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि हापुड़ में ऑल इंडिया ।प्डप्ड के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी की कार पर गोलीबारी में इस्तेमाल हथियार मेरठ से खरीदे गए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यूपी के मेरठ से सटे हापुड़ जिले में पिलखुवा के पास ओवैसी की कार पर बृहस्पतिवार रात को गोलियां चलाई गई थीं। हापुड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक भूकर ने फोन पर बताया कि अभी तक की जांच में सामने आया है कि बृहस्पतिवार को हापुड़ के छिजारसी टोल के पास असदुद्दीन ओवैसी पर हमले में जिन हथियारों का इस्तेमाल हुआ था उन्हें मेरठ से खरीदा गया था। हालांकि, एसपी ने यह नहीं बताया कि आरोपियों ने मेरठ में किस जगह से हथियार खरीदे थे।

उन्होंने बताया कि हमलावरों ने हमले में इस्तेमाल हथियार कहां से और किससे खरीदे थे, पुलिस इसकी जांच में जुटी है। उन्होंने कहा कि मामले में कुछ और लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है। पुलिस इस सिलसिले में शुभम और सचिन नामक दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को प्रमुख मुस्लिम नेता एवं हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो द्वारा जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराने का फैसला किया।

# जोर-शोर से चल रहा है रंजन शर्मा का जनसंपर्क

संवाददाता

मेरठ। शहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रंजन शर्मा लगातार लोगों के पास जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं और मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान रंजन शर्मा को लगातार लोगों का समर्थन मिल रहा है और मतदाता रंजन शर्मा से वादा भी कर रहे हैं कि हम आपको अपना समर्थन देकर विजयी जरुर बनाएंगे। रंजन शर्मा ने शुक्रवार को जेल चुंगी, मंगल पांडे नगर, विक्टोरिया पार्क, हापुड़ अड्डा, शम्भू दास गेट, कांच का पुल, अख्तर वाली मस्जिद, जली कोठी पर जनसंपर्क कर लोगों के साथ संवाद स्थापित किया। इस दौरान रंजन शर्मा ने कहा कि मैं हमेशा जनता की सेवा करता रहा हूं और भविष्य में भी इसी तरह जन सेवा के कार्य मैं करता रहूंगा। आपसे मिल रहा आशीर्वाद मुझे पूरा विश्वास दे रहा है और मुझे आगे बढ़ने की शक्ति दे रहा है। क्षेत्रवासियों ने भी रंजन शर्मा से कहा कि सभी यह चाहते हैं कि उनका प्रतिनिधि ईमानदार हो, अच्छा हो, चरित्रवान हो और आप इन सभी कसौटी पर खरे उतरते हैं, इसलिए हमारा समर्थन आपके साथ पूरी तरह से है। विक्टोरिया पार्क पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अनिल अरोड़ा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। इस दौरान वीना अरोड़ा, आशा भारद्वाज, सुरेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र पंजाबी, शैलेन्द्र मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके पश्चात रंजन शर्मा जनसंपर्क के लिए हापुड़ अड्डा और शम्भू दास गेट पर पहुंचे वहां पर एहसान, सरफराज, डा.इकबाल, जाहिद अंसारी, मतीन अहमद अंसारी ने रंजन शर्मा का स्वागत किया।

# करहल में भी खिलेगा कमल: मौर्य

संवाददाता

मेरठ। उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि करहल में भी इस बार कमल खिलेगा और प्रदेश में भाजपा फिर से जीतेगी। उन्होंने कहा कि 2017 से 22 तक भाजपा की सरकार ने ट्रेलर दिखाया है। 10 मार्च को फाइनल होगा। 10 मार्च के बाद प्रदेश में एक बार फिर से विकास की सरकार बनेगी।

उन्होंने मेरठ के सपा गठबंधन के प्रत्याशी के विवादित ब्यान पर कहा कि मतदाता 10 तारीख को ईवीएम का बटन दबाकर जवाब देंगे। उन्होंने कहा के अब यूपी बदल गया है, बूचड़खाने बंद हो गए हैं। माफिया गिरी खत्म हो गई है। जनता दंगाइयों और माफियाओं को फिर से नहीं आने देगी।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले भी प्रदेश में डबल इंजन की सरकार थी। सपा, बसपा की बैसाखी पर ही कांग्रेस की सरकारें चलती थी केंद्र में, लेकिन ना तो एक्सप्रेस वे पर काम हुआ और ना ही रैपिड रेल पर। एक्सप्रेस वे चालू हो गया है। रैपिड रेल, मेट्रो भी मेरठ में चलने वाली है।

उन्होंने कहा कि अब सड़क बिजली कानून व्यवस्था कोई मुद्दा नहीं। सोती गंज की कहानी भी दुनियाभर में जानी जाती थी। भाजपा सरकार ने सोतीगंज बाजार को बंद करा दिया है। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा नई नहीं, सपा वही है। अखिलेश यादव वही हैं, दंगाई अपराधी सब वही हैं। उन्होंने 10 फरवरी को अधिक से अधिक मतदान कर जनता जवाब दें।

# मुख्यमंत्री ने थलौट में लोक निर्माण विभाग के मण्डल कार्यालय का लोकार्पण किया

एजेंसी

शिमला । मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने आज मण्डी ज़िला की द्रंग विधानसभा क्षेत्र के औट में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए पशु औषधालय कोट खमरादा को स्तरोन्नत कर पशु अस्पताल बनाने, प्राथमिक पाठशाला देहरा नाला को स्तरोन्नत कर माध्यमिक पाठशाला बनाने, रेहन में प्राथमिक पाठशाला खोलने, क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण और उन्नयन के लिए 15 लाख रुपये प्रदान करने और नगवाईं और टकोली के मध्य राज्य वन निगम का बालन डिपो खोलने की घोषणा की।



जय राम ठाकुर ने कहा कि फोरलेन प्रभावित परिवारों को पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने के लिए संबंधित प्राधिकरणों के साथ मामला उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि औट में हिमाचल प्रदेश दुग्ध प्रसंघ (मिल्कफेड) का प्रापण केन्द्र या दुग्ध अभिशीतन संयंत्र स्थापित करने के लिए सर्वेक्षण किया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में द्रंग विधानसभा क्षेत्र का समुचित एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का चार वर्ष का यह कार्यकाल पूर्व सरकार के 40 वर्षों के कार्यकाल से बेहतर रहा है क्योंकि उस अवधि में क्षेत्र में विकास कार्यों में भेदभाव किया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था पर विपरीत प्रभाव डाला है अपितु हमारी जीवनचर्या को भी प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि सौभाग्यवश इस परीक्षा की घड़ी में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में सुरक्षित रहा है। उन्होंने कहा कि इस विपदा में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने आगे बढ़कर जरूरतमंदों की हर संभव सहायता की है। इसके विपरीत कांग्रेस नेता केवल इस संवेदनशील मुद्दे का राजनीतिकरण करने में ही व्यस्त रहे।

जय राम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार मण्डी जिला के नागचला में राज्य के लिए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा स्वीकृत करवाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यह हवाई अड्डा न केवल सामरिक महत्व का होगा बल्कि क्षेत्र में पर्यटन विकास को बढ़ावा देने में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के चार वर्षों के कार्यकाल में पूरे राज्य का एकसमान और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार और विशेष तौर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के लोगों को उदार सहायता उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि कोविड महामारी के बावजूद प्रधानमंत्री ने राज्य का दौरा कर अटल टनल रोहतांग प्रदेश के लोगों को समर्पित की। हाल ही में प्रदेश सरकार के चार वर्षों का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री ने राज्य के लोगों के लिए 11,500 करोड़ रुपये लागत की परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण किए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी वैक्सीन विकसित होने से देश के करोड़ों लोगों को कोरोना महामारी से सुरक्षा प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम नेतृत्व में देश में विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियन प्रारम्भ किया गया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश लक्षित पात्र आबादी को शत प्रतिशत टीकाकरण करने वाला देश का पहला राज्य बना है। जय राम ठाकुर ने कहा कि सोलन में आयोजित 52वें पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर उन्होंने घरेलू उपभोक्ताओं को 60 यूनिट से कम विद्युत की खपत पर शून्य बिल की घोषणा की थी, जिससे प्रदेश के साढ़े चार लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 60 यूनिट से कम विद्युत खपत करने वाले उपभोक्ताओं को मीटर रेंट और सेवा शुल्क में भी छूट दी है। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह 60 से 125 यूनिट विद्युत खपत करने वाले उपभोक्ताओं से एक रुपये 90 पैसे के स्थान पर अब केवल एक रुपया प्रति यूनिट की दर से ही बिल लिया जाएगा। इस निर्णय से राज्य के लगभग 11 लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश सरकार के गत चार वर्षों के कार्यकाल में राज्य के विकास और विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए प्रारम्भ की गई विभिन्न विकास योजनाओं का भी विस्तार से ब्यौरा दिया। उन्होंने वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं भी दीं।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने हनोगी में ब्यास नदी पर निर्मित होने वाले हनोगी पुल के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाले इस पुल से द्रंग और सराज विधानसभा क्षेत्र आपस में जुड़ जाएंगे। उन्होंने मनाली फोरलेन सड़क परियोजना के अंतर्गत निर्मित की जा रही रैंश नाला ट्रैफिक टनल–4 का भी दौरा किया और अधिकारियों को इस परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थलौट में लोक निर्माण विभाग के मण्डल कार्यालय का लोकार्पण भी किया, जिससे बालीचौकी, पनारसा और पंडोह क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर औट में 1.15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित होने वाली बचत समिति की दुकानों का शिलान्यास किया। उन्होंने औट में घाट स्थल का दौरा भी किया।

विधायक जवाहर ठाकुर ने मुख्यमंत्री का उनके गृह क्षेत्र के थलौट में लोक निर्माण विभाग का मण्डल कार्यालय समर्पित करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यालय क्षेत्र के सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने में दूरगामी साबित होगा। उन्होंने कहा कि हनोगी पुल न केवल द्रंग और सराज विधानसभा क्षेत्र के मध्य यह बेहतर सम्पर्क सुनिश्चित करेगा, बल्कि थलौट और औट क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने मण्डी जिला में राज्य का दूसरा विश्वविद्यालय स्थापित करने के प्रदेश सरकार के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गत चार वर्षों में द्रंग विधानसभा क्षेत्र में लगभग 417 करोड़ रुपये की पेयजल योजनाएं और सड़क परियोजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न विकास संबंधी मांगों का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया। भूतपूर्व सैनिक निगम के पूर्व अध्यक्ष ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने फोर–लेन परियोजना के कारण औट बाजार के विस्थापित दुकानदारों के लिए औट में बचत समिति की दुकानों का शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से औट और थलौट बाजार से विस्थापितों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग भी की। उन्होंने राज्य को कोरोना संकट से सफलतापूर्वक उबारने के लिए भी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्थानीय पंचायत के प्रधान भूषण वर्मा ने मुख्यमंत्री व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्र की कुछ विकासात्मक मांगों के बारे में भी विस्तार से बताया। सुन्दरनगर के विधायक राकेश जम्वाल, जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष राज बली, जिला मण्डी के भाजपा अध्यक्ष रणवीर सिंह, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सिराज भागीरथ शर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष द्रंग दलीप सिंह, उपायुक्त मण्डी अरिन्दम चौधरी, पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री, मुख्य अभियन्ता लोक निर्माण विभाग अजय गुप्ता, मुख्य अभियन्ता जल शक्ति विभाग धर्मेन्द्र गिल और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# यूक्रेन के एथलीटों की एंट्री पर सो गए पुतिन? कैमरे में कैद हुई तस्वीरें

एजेंसी

बीजिंग। विंटर ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिनपिंग ने पूरी ताकत लगाई। पूरे तामझाम के साथ आयोजन की शुरुआत हुई। इसके लिए चीन ने पानी की तरह पैसा भी बहाया। दुनिया में तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्षों को ओपनिंग सेरेमनी में शामिल होने का न्यौता भी भेजा। कई देशों ने तो जिनपिंग के न्यौते को ठुकरा दिया। लेकिन कई देश ऐसे भी हैं जिनके टॉप लीडर बीजिंग के विंटर ओलंपिक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन उन्हीं में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि शुक्रवार को खेलों के उद्घाटन समारोह के दौरान यूक्रेन के एथलीटों के एक दल ने बीजिंग के बड़र्स नेस्ट स्टेडियम में प्रवेश किया तो इस दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सो गए।

यूक्रेन की एंट्री पर आंखे की बंद

समारोह में यूक्रेन की एंट्री हुई तब पुतिन ने अपनी आंखें बंद कर लीं और अपनी बाहों को अपनी गोद में मोड़कर बैठ गए। वीआईपी क्षेत्र में हर दूसरे व्यक्ति के चेहरे ढके होने के बावजूद पुतिन बिना मास्क लगाए नजर आए। हालाँकि, रूसी ओलंपिक समिति के आने तक वह जल्द ही जाग चुके थे। पुतिन ने स्टेडियम के चारों ओर मार्च करते हुए रूसी एथलीटों की ओर हाथ हिलाया और इशारा किया। यूक्रेन पर रूस के सैन्य हमले की आशंका के बीच चीन ने रूस का समर्थन किया है और ऐसे समय में पुतिन का यह दौरा काफी अहम हो गया है ।

डोपिंग की वजह से रूसी एथलीट ध्वज उपयोग नहीं कर सकते

रूसी एथलीटों पर डोपिंग के आरोप में 2019 से ओलंपिक में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। नतीजतन, रूसी एथलीट रूसी ओलंपिक समिति के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। जिसका अर्थ है कि एथलीट खेल के दौरान खेले गए अपने ध्वज या राष्ट्रगान का उपयोग नहीं कर सकते हैं। गौरतलब है कि बीजिंग में विंटर ओलंपिक का आगाज हो चुका है। उद्घाटन समारोह में वैसे तो 21 देशों के राष्ट्राध्यक्ष शामिल हुए। इनमें से 12 नेता ऐसे हैं जो दुनिया में अपनी सत्तावादी सोच के लिए जाने जाते हैं। इन देशों से जिनका ताल्लुक है वहां लोकतंत्र का नामोनिशान तक नहीं है। हालांकि सुपर पावर अमेरिका और दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रकि देश भारत समेत कई देश जिनपिंग के न्यौते को ठुकरा चुके हैं।

# 95 साल की हुई महारानी एलिजाबेथ II, ब्रिटेन के 4 PM में से तीन की उम्र उनके शासनकाल से भी कम, इतना लंबा रहा कार्यकाल

एजेंसी

दुनिया का एक ऐसा शख्स जो जब आखिरी सांस लेगा तो कई देशों की करंसी ही बदल जाएगी। उसकी मौत सदी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक होगी। हम बात कर रहे हैं ब्रिटेन के रायल फैमली की और उनकी महारानी एलिजाबेथ द्वतीय की जो पिछले सात दशकों से ब्रिटेन के राज सिंहासन पर काबिज हैं। 95 साल की हो चुकी महारानी का कार्यकाल इतना लंबा रहा है कि महारानी पिछले 70 सालों से ब्रिटेन के राज सिंहासन पर काबिज है। 95 साल की हो चुकी महारानी का ये शासनकाल इतना लंबा है कि उनके पिछले चार प्रधानमंत्रियों में से तीन की उम्र उनके शासनकाल से भी कम है। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय 6 फरवरी को 70 वर्षों तक शासन करने वाली पहली ब्रिटिश शासक बन जाएंगी। 6 फरवरी का दिन है जब एलिजाबेथ द्वितीय ने 1952 में ग्रेट ब्रिटेन का सिंहासन संभाला। लेकिन इस सप्ताह के अंत में ऐतिहासिक तारीख को बहुत कम धूमधाम से देखा जाएगा, क्योंकि 95 वर्षीय महारानी के वर्षगांठ को चिह्नित करने वाले उत्सव 2 से 5 जून के कार्यक्रमों के साथ समाप्त होंगे। चिकित्सकों ने महारानी (95) को हाल में और आराम करने की सलाह दी थी, इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि वह किस–किस कार्यक्रम में शामिल होंगी।

ब्रिटिश शाही परिवार

21 अप्रैल, 1926 की वो तारीख जब जो ड्यूक और डपेस ऑफ वॉर्क की पहली संतान एलिजाबेथ एलेक्जेंडा नेरी का जन्म लंदन में हुआ। साल 1947 में राजकुमारी एलिजाबेथ ने लेफ्टिनेंट फिलिप माउंटबेटन से वेस्टमिंस्टर एबी में शादी की। 1948 में प्रिंस चार्ल्स का जन्म हुआ। जिसके ठीक दो साल बाद राजकुमारी एनी का जन्म हुआ। 1960 में प्रिंस एंड्रू का जन्म हुआ। 24 फरवरी 1981 को डायना और प्रिंस ऑफ वेल्स की सगाई की पुष्टि हो गई। बताया जाता है कि उस वक्त डायना की अंगूठी की कीमत लगभग 30,000 पाउंड थी जिसमें एक नीलन और 14 हीरे जड़े थे। डायना की शादी 29 जुलाई 1981 को राजकुमार चाल्स से हुई। इस शादी पूरी दुनिया में करीब 750 मिलियन लोगों ने टीवी पर लाइव देखा था। डायना और चार्ल्स का तलाक 28 अगस्त 1996 को हुआ। 31 अगस्त 1997 को डायना की एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जनवरी 2020 में ब्रिटेन के राजकुमार हैरी और उनकी पत्नी मेगन मर्केल ने राजपरिवार की ओर से मिली वरिष्ठता छोड़ने का ऐलान किया है। 9 अप्रैल 2021 को राजकुमार फिलिप की



मृत्यु हो गई। एलिजाबेथ छह फरवरी को सात दशकों तक शासन करने वाली ब्रिटेन की पहली महारानी बन जाएंगी।

ब्रिटेन में जश्न समारोह

महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के सिंहासन पर बैठने के 70 वर्ष पूरे होने के अवसर पर ब्रिटेन में सैन्य परेड, जश्न समारोहों और प्लैटिनम जुबली के लिए नई मिठाई बनाने संबंधी एक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बकिंघम पैलेस ने जानकारी दी। इस सप्ताह महारानी के सम्मान में एक अतिरिक्त दिन का सार्वजनिक अवकाश दिया जाएगा। सप्ताहांत वार्षिक सैन्य परेड के साथ दो जून से आरंभ होगा। इसके बाद तीन जून को ब्रिटेन, उसके अन्य क्षेत्रों और राष्ट्रमंडल में महारानी की सेवाओं के सम्मान में कार्यकम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान महारानी के महल में 'प्लैटिनम पुडिंग' प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। विजेता व्यंजन को सप्ताहांत कार्यक्रमों में शामिल किया जाएगा।द बिग जुबली लंच और फोर्टनम एंड मेसन 8 साल और उससे अधिक उम्र के ब्रिटेन के निवासियों से उत्तम प्लेटिनम पुडिंग की पाक विधि के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं।'' इससे चुने गए पांच प्रतियोगी डेम मैरी बेरी, मोनिका गैलेटी और बकिंघम पैलेस के हेड शेफ मार्क फ्लैनगन सहित एक विशेषज्ञ समिति के लिए अपनी पुडिंग तैयार करेंगे।

शाही परिवार के नियम

ब्रिटेन का शाही परिवार दुनिया का सबसे चर्चित शाही परिवार है। महारानी एलिजाबेथ–द्वितीय, बेटे–बहुओं, पोते, पोतियों के अलावा रानी के करीबी रिश्तेदार इस शाही परिवार के सदस्य हैं। इस परिवार का नाम आते ही हमें उनका शाही अंदाज नजर आता है, उनकी ठाठबाट दिखती है। लेकिन क्या आपको पता है कि इस शाही परिवार में कई ऐसे अजीब नियम बने हैं, जो हर किसी को मानने पड़ते हैं। ये नियम वर्षों से चले आ रहे हैं।

अगर रानी खड़ी होती हैं, तो वहां मौजूद हर शख्स के लिए खड़े होना जरूरी है। अगर आप रानी के साथ टेबल पर खाना खा रहे हैं, तो रानी के आखिरी निवाला खाने के बाद वहां मौजूद कोई भी शख्स खाना नहीं खा सकता। रानी का अभिवादन करते समय शाही परिवार के पुरुष को गर्दन झुकानी होती है। जबकि महिलाओं को थोड़ा झुककर सम्मान देना होता है। परिवार के दो वारिस एक साथ सफर नहीं कर सकते। यानी पिता भी अपने पुत्र के साथ सफर नहीं कर सकता। यह नियम उत्तराधिकारी की सुरक्षा के लिए बनाया गया है। हालांकि प्रिंस विलियम और केट ने हाल में यह नियम तोड़ते हुए अपने बच्चे के साथ सफर किया। लेकिन बाद में इस पर रोक लग गई।

# अफगानिस्तान में हवाई अड्डे पर हुए आत्मघाती हमले को रोका नहीं जा सकता था: पेंटागन

एजेंसी

वाशिंगटन। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के दौरान हुए हमले की सैन्य जांच के बाद निष्कर्ष निकला है कि हमले को 20 पाउंड विस्फोटक लिये हुए आत्मघाती हमलावर ने अकेले अंजाम दिया था और इस हमले में 170 अफगान नागरिकों और अमेरिका के 13 सैनिकों की मौत को रोका नहीं जा सकता था। यह विस्फोट 26 अगस्त को काबुल हवाई अड्डे के एबे गेट के बाहर हुआ था, जिसमें अमेरिका के 11 नौसैनिक, एक नाविक और एक सैनिक की मौत हो गई थी, जो अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के बाद देश से निकलने की कोशिश कर रहे हजारों अफगान नागरिकों की जांच कर रहे थे।


हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट ने ली थी। पेंटागन में शुक्रवार को सैन्य अधिकारियों ने ग्राफिक्स के जरिये बम हमले की मिनट–दर–मिनट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमले में जान गंवाने वालों के घाव इतने जानलेवा थे कि उन्हें बचाया नहीं जा सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि शुरुआत में लगा था कि हमले में गोलीबारी की गई, लेकिन यह बात सही नहीं निकली। अमेरिकी सेंट्रल कमान के प्रमुख जनरल फ्रैंक मैकेंजी ने कहा, एबे गेट पर हुए हमले को एक विस्फोटक उपकरण के जरिये अंजाम दिया था, जिसमें 170 अफगान नागरिकों और 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। उन्होंने कहा कि इस उपकरण की घातकता का अंदाजा इस बात के लगाया जा सकता है कि बेहतरीन बम रोधी जैकेट और हेलमेट पहने होने के बावजूद अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई। जांचकर्ताओं ने कहा कि हमलावर तालिबान और अन्य सुरक्षा चौकियों को चकमा देकर गेट के पास पहुंचा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि तालिबान को हमले के बारे में पता नहीं था, सुरक्षा सावधानी बरती जा रही थी और उस दिन प्रसारित होने वाले संभावित खतरों के बारे में खुफिया जानकारी स्पष्ट नहीं थी। जांच का नेतृत्व करने वाले ब्रिगेडियर जनरल लांस कर्टिस ने कहा, हमारी जांच के आधार पर, सामरिक स्तर पर इसे रोका नहीं जा सकता था।

# राज्यवर्धन सिंह राठौर बोले- सत्ता हथियाने के लिए 'झूठे वादे' कर रही कांग्रेस और आप

एजेंसी

चंडीगढ़। वरिष्ठ भाजपा नेता राज्यवर्धन सिंह राठौर ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता हथियाने के लिए पंजाब के लोगों से 'झूठे वादे' कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन और वादों को पूरा करने के मामले में भाजपा का पुराना रिकॉर्ड रहा है। चंडीगढ़ में उन्होंने कहा कि यदि चुनाव में जीत मिली तो भाजपा नीत गठबंधन राज्य को विकास के पथ पर ले जाएगा। समाज के विभिन्न तबकों को चीजें 'मुफ्त में देने' के आप के वादे पर राठौर ने कहा कि वे पंजाब को कुछ नहीं देने जा रहे, बल्कि जो कुछ बचा है उसे भी निश्चित रूप से ले लेंगे।

''"पंजाब पर तीन लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, वे पंजाब को कुछ नहीं देने जा रहे, बल्कि जो कुछ बचा है उसे भी निश्चित



रूप से ले लेंगे।' 'आप' पंजाब से मादक पदार्थ की समस्या को मिटाने की बात कर रही है, लेकिन उन्होंने पार्टी की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा, 'क्या आपने उनके फैसलों का पुराना रिकॉर्ड देखा है? दिल्ली में उन्होंने सूखे के दिनों को 21 से घटाकर तीन कर दिया और स्कूलों के नजदीक शराब की दुकानें खोल दीं।''

एक सवाल के जवाब में कहा कि पंजाब कांग्रेस की हालत सबको मालूम है, वे केवल किसी तरह सत्ता हथियाना चाहते हैं। राठौर ने कहा कि आप और कांग्रेस सत्ता हथियाने के लिए केवल झूठे वादे कर रही हैं। पंजाब विधानसभा के चुनाव 20 फरवरी को होंगे जिसमें भाजपा अमरिंदर सिंह की अगुवाई वाली पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस और सुखदेव सिंह ढिंढसा की अगुवाई वाली शिअद (संयुक्त) के साथ गठबंधन करके लड़ रही है। अमरिंदर सिंह को लेकर एक सवाल के जवाब में राठौर ने कहा, ''पंजाब में उनका काफी सम्मान है, वह राष्ट्रवादी हैं। वह पार्टी नेतृत्व के थोपे गए फैसलों को नहीं मानते इसलिए उन्हें कांग्रेस ने पार्टी से निकाल दिया।

# परमाणु वार्ता महत्वपूर्ण चरण में पहुंचने पर अमेरिका ने ईरान को प्रतिबंधों से राहत दी

एजेंसी

वाशिंगटन। ईरान और विश्व के कुछ शक्तिशाली देशों के बीच हुए 2015 के परमाणु समझौते को बचाने के उद्देश्य से जारी वार्ता के एक महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश करने के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने शुक्रवार को ईरानी परमाणु कार्यक्रम के लिए प्रतिबंधों में कुछ राहत बहाल की। अमेरिकी वार्ताकार इस अहम सत्र के लिए वियना गए हैं। इस बीच अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान की असैन्य परमाणु गतिविधियों से संबंधित कई प्रतिबंधों से छूट देने के लिए हस्ताक्षर किए।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने ये



छूट समाप्त कर दी थीं। इन छूटों का उद्देश्य ईरान को 2015 के समझौते के पालन के लिए लुभाना है, जिसका वह उस वक्त से उल्लंघन कर रहा है, जब ट्रम्प 2018 में इस समझौते से पीछे हट गए थे और ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों को फिर से लागू कर दिया था। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि समझौते में वापसी के लिए समर्थन जुटाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि वे ईरान को कोई रियायत दे रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि अन्य पक्षों ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, जर्मनी, रूस और यूरोपीय संघ को समझौते की वार्ता में शामिल करने के लिए छूट आवश्यक है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नेड प्राइस ने ट्वीट किया, "हमने ईरान को प्रतिबंधों से राहत नहीं दी है। हम ईरान के 'संयुक्त व्यापक कार्य योजना' (जेसीपीओए) के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं पर वापस लौटने तक ऐसा नहीं करेंगे। ईरान का कहना है कि वह समझौते की शर्तों का सम्मान नहीं कर रहा है क्योंकि अमेरिका ही पहले इससे अलग हो गया था। ईरान ने सभी प्रतिबंधों से राहत की बहाली की मांग की है। ट्रम्प प्रशासन ने मई 2020 में ईरान के खिलाफ अपने "अधिकतम दबाव" अभियान के तहत छूटों को समाप्त कर दिया था और इसे सबसे खराब राजनयिक समझौता बताया था। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में जो बाइडन ने परमाणु समझौते में अमेरिका की वापसी को प्राथमिकता दी और उनके प्रशासन ने इस लक्ष्य पर काम किया, हालांकि एक साल पहले उनके पदभार ग्रहण करने के बाद से उस दिशा में बहुत कम प्रगति हुई है।

प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि वियना वार्ता को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए छूट को बहाल किया जा रहा है।

# सम्बन्धित विभाग के कार्मिको की डयूटी लगायी गयी है

संवाददाता

हरदोई। जिला विकास अधिकारी/सहा प्रभारी अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण, अजय प्रताप सिंह ने बताया है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 को सम्पन्न कराने हेतु लगाये गये कार्मिकों को विभिन्न कारणों से डयूटी मुक्त हुये कार्मिको के स्थान पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय,वरिष्ठ कोषाधिकारी कार्यालय व खण्ड विकास अधिकारी साण्डी के कार्मिको की डयूटी लगायी गयी है। जिनके ड्यूटी ओदश प्राप्त कराये जा चुके हैं। इन कार्मिको का प्रशिक्षण 07 फरवरी 2022 को प्रातः 10.00 बजे से अपरान्हन 01.00 बजे तक विकास भवन सभागार में किया जाना है।

सम्बन्धित विभाग अपने कार्मिकों को 07 फरवरी 2022 को आयोजित प्रशिक्षण हेतु ड्यूटी आदेश प्राप्त कराते हुए प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने के सम्बन्ध में निर्देशित करे।

# भाग्यश्री की बेटी अवंतिका दसानी जल्द ही वेबसीरीज मिथ्या से बॉलीवुड में कर रही डेब्यू

एजेंसी

भाग्यश्री किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। वह उन अभिनेत्रियों में से एक हैं, जो अपनी पहली और एक ही फिल्म मैंने प्यार किया से रातों–रात स्टार बन गई थीं। एक ओर जहां लंबे समय बाद भाग्यश्री ने पर्दे पर वापसी की है, वहीं अब उनकी बेटी अवंतिका दसानी भी अभिनय जगत में कदम रखने के लिए तैयार हैं। वह निर्देशक रोहन सिप्पी की अगली फिल्म से अपना एक्टिंग डेब्यू कर रही हैं।

अवंतिका साइकोलॉजिकल थ्रिलर सीरीज मिथ्या से अभिनय जगत में आगाज कर रही हैं। उन्होंने इसकी शूटिंग भी पूरी कर ली है। इसके निर्देशक रोहन सिप्पी हैं। चर्चा थी कि अवंतिका अपनी मां की तरह एक्ट्रेस बनने वाली हैं और अब आखिरकार इसकी पुष्टि हो गई है। मिथ्या से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खास



बात है कि सीरीज में अवंतिका अभिनेत्री हुमा कुरैशी के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी।

मिथ्या लोकप्रिय अंग्रेजी सीरीज चीट से प्रेरित है। इसमें दार्जिलिंग में हिंदी साहित्य की प्रोफेसर जूही (हुमा कुरैशी) और उनकी छात्रा रिया (अवंतिका) के खराब होते संबंधों को दिखाया गया है। क्लास में दोनों की नोक–झोंक चिंगारी का रूप ले लेती है। हालात उस समय खराब हो जाते हैं, जब कई हैरतअंगेज खुलासे होते हैं। एप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस सीरीज को छह भागों में दिखाया जाएगा। परमब्रत चटर्जी, रजित कपूर और समीर सोनी भी इसमें नजर आएंगे।

ब्रिटिश सीरीज चीट में अभिनेत्री कैथरीन केली, मौली विंडसर और टॉम गुडमैन–हिल ने मुख्य भूमिकाएं निभाई थीं। इसकी संजीदा कहानी और किरदारों ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया था। उलझे हुए किरदारों के अभिनय से सजी यह दिलचस्प सीरीज 2019 में रिलीज हुई थी।

अवंतिका ने सोशल मीडिया पर मिथ्या की पहली झलक फैंस को दिखाते हुए लिखा, झूठ के इस जाल के लिए वास्तव में कौन जिम्मेदार है? मिथ्या जी5 पर आ रही है। अपनी पहली वेब सीरीज की घोषणा करते हुए विनम्र, आभारी और उत्साहित हूं। हुमा ने लिखा, अफवाहों पर विराम लगाने का समय आ गया है। सभी झूठे और बेइमान लोगों का पर्दाफाश करने का समय आ गया है। जल्द ही जी5 पर आपको इस झूठी दुनिया से रूबरू कराएंगे।

बात करें अवंतिका दसानी की तो वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सामने आते ही वायरल हो जाती हैं। अवंतिका 26 साल की हैं। उन्होंने लंदन के सीएएसएस बिजनेस स्कूल से पढ़ाई की है। वह यहां से बिजनेस और मार्केटिंग की डिग्री ले चुकी हैं। अवंतिका को एक्टिंग, ट्रैवलिंग, डांसिंग, फैशन और दोस्तों के साथ पार्टी करना काफी पसंद है। उनका नाम म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक के भतीजे अरमान मलिक के साथ जुड़ चुका है।

# रामाराव ऑन ड्यूटी के निर्माताओं ने भी चुनी दो तारीखें, 25 मार्च या 15 अप्रैल

एजेंसी

आरआरआर के निर्माताओं द्वारा अपनी फिल्म के प्रदर्शन के लिए चुनी गई दो तारीखें अब राह पकड़ती नजर आ रही हैं। दक्षिण भारत में मास महाराजा के नाम से ख्यात अभिनेता रवि तेजा ने भी अपनी आगामी फिल्म रामाराव ऑन ड्यूटी के लिए दो तारीखों की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि उनकी फिल्म 25 मार्च या 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। रवि तेजा की यह फिल्म तेलुगु भाषा में बनी है, जिसे अन्य तेलुगू फिल्मों की रिलीज के आधार पर 25 मार्च या 15 अप्रैल को ड्यूटी पर रामाराओ सिनेमाघरों में रिलीज होंगे। आरआरआर दो रिलीज तिथियों की घोषणा करने के लिए भारत में पहली फिल्म बन गई। जल्द ही, यह एक फैशन बन गया और अब कई फिल्म निर्माता इसे एक प्रवृत्ति की ओर ले जा रहे हैं। भीमला नायक से लेकर घनी तक कई निर्माताओं ने अपनी फिल्मों के प्रदर्शन की दो तिथियों की घोषणा की है।

रामाराव ऑन ड्यूटी की टीम ने रवि तेजा का एक नया पोस्टर साझा किया है जिस पर उन्होंने प्रदर्शन की दो सम्भावित तिथियों के बारे में बताया है। निर्माताओं के मुताबिक, 25 मार्च या 15 अप्रैल को ड्यूटी पर रामाराओ सिनेमाघरों में रिलीज होंगे। अपने आधिकारिक बयान में उन्होंने कहा है कि, हम अपनी फिल्म से प्यार करते हैं। साथ ही, हमारे पास अन्य फिल्मों के लिए बहुत सम्मान है। हमने 25




मार्च 2022 को रिलीज के लिए रामाराव ऑन ड्यूटी को सारांशित किया। लेकिन नवीनतम परिस्थितियों के मद्देनजर हो सकता है कि हम अपनी फिल्म को 25 मार्च को प्रदर्शित न करें। इसके चलते इसे 15 अप्रैल को प्रदर्शित किया जाएगा। रामाराव ऑन ड्यूटी एक एक्शन फिल्म है जिसमें रवि तेजा एक सरकारी अधिकारी की भूमिका निभाते नजर आएंगे। फिल्म में नायिका के तौर पर दो अभिनेत्रियाँ दिव्यंशा कुशिक और राजशा विजयन को लिया गया है। साराथ मांडव द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर सिनेमाज और आरटी टीम वर्क्स द्वारा निर्मित की गई है। वेनू थॉथेम्पुडी, नाससर, नरेश, पावित्रा लोकेश और जॉन विजय फिल्म में सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे। संगीतकार एसएएम सीएस, सिनेमैटोग्राफर सारथियन सोर्यन और संपादक प्रवीण केएल का है।

# शाहरुख के प्रोडक्शन की अगली फिल्म में दिखेंगे सिद्धार्थ मल्होता

एजेंसी

फिल्म शेरशाह की सफलता



के बाद अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के सितारे बुलंदियों पर हैं। जिस प्रकार उन्होंने कैप्टन विक्रम बत्रा के किरदार को पर्दे पर उकेरा; वह वाकई में आश्चर्यजनक था। इस किरदार के लिए उनकी खूब वाहवाही हुई। अब सुनने में आ रहा है कि वह दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के प्रोडक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में दिखाई देंगे। शाहरुख इस फिल्म को प्रोड्यूस करने वाले हैं। वहीं, गौरी शिंदे फिल्म का निर्देशन करेंगी।

रिपोर्ट की मानें तो शाहरुख के प्रोडक्शन की अगली फिल्म में सिद्धार्थ अपने अभियन का जलवा दिखाएंगे। एक सूत्र ने बताया कि सिद्धार्थ फिल्म के लिए शाहरुख की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ बातचीत कर रहे हैं। सूत्र ने कहा, कई फिल्म निर्माता अब शेरशाह की सफलता पर भरोसा करने लगे हैं। इंग्लिश विंग्लिश की निर्देशक गौरी शिंदे की अगली फिल्म बन रही है, जिसको साइन करने के बेहद करीब हैं सिद्धार्थ।

यह एक हल्की–फुल्की कॉमेडी फिल्म होगी, जिसका निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट करेगी। खबरों की मानें तो सिद्धार्थ को फिल्म की स्क्रिप्ट पसंद आई है। उन्होंने अनौपचारिक तौर पर फिल्म के लिए अपनी हामी भी भर दी है। कास्टिंग से संबंधित औपचारिकताएं जल्द ही पूरी होने की उम्मीद है। फिल्म की शूटिंग इस साल की दूसरी छमाही में शुरू हो सकती है। सितंबर में इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने वाली है।

सूत्र ने आगे बताया, वर्तमान में सिद्धार्थ फिल्म योद्धा को लेकर व्यस्त हैं, जिसमें वह फिर से एक सैनिक की भूमिका निभाएंगे। एक बार जब वह शूटिंग खत्म कर लेंगे, तो वह मिशन मजनू के प्रचार में लग जाएंगे, जो 13 मई को रिलीज होने वाली है। इसके बाद वह थैंक यू के प्रोजेक्ट को लेकर व्यस्त होंगे, जो इस साल जुलाई में रिलीज होगी। इसके बाद अभिनेता सितंबर के आसपास गौरी शिंदे के साथ काम करना शुरू कर देंगे।

सिद्धार्थ और शाहरुख ने माई नेम इज खान में साथ काम किया है। फिल्म में सिद्धार्थ ने सहायक निर्देशक के रूप में अपनी भूमिका निभाई थी। शाहरुख की फिल्म इत्तेफाक में भी सिद्धार्थ नजर आए थे। इत्तेफाक को शाहरुख ने को–प्रोड्यूस किया था।

सिद्धार्थ मिशन मजनू में दिखेंगे। इसमें उनके साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। वह अजय देवगन अभिनीत थैंक गॉड में दिखेंगे। उन्हें वर्धन केतकर की थाडम में भी देखा जाएगा। शाहरुख की आखिरी फिल्म जीरो थी, जो 2018 में आई थी।

वह पठान में नजर आने वाले हैं। वह थ्रिलर फिल्में बनाने के लिए मशहूर राज एंड डीके की आगामी फिल्म में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 में भी शाहरुख नजर आएंगे।

# पिता सुनील शेट्टी की फिल्म धड़कन के रीमेक में काम करना चाहते हैं अहान

एजेंसी

सुनील शेट्टी ने अपने लंबे एक्टिंग करियर में कई बड़ी और सफल फिल्मों में काम किया। धड़कन भी उनकी बेहतरीन फिल्मों में शुमार है। अब सुनील के बेटे अहान ने भी फिल्म तड़प से बॉलीवुड में कदम रख लिया है और वह भी पापा के नक्शे–कदम पर चलना चाहते हैं। हाल ही में अहान ने कहा कि वह अपने पिता की सुपरहिट फिल्म धड़कन के रीमेक का हिस्सा बनना चाहते हैं।

अहान से पूछा गया कि वह अपने पिता की किस फिल्म के रीमेक में काम करना चाहते हैं तो उनका जवाब था, फिल्म बॉर्डर का रीमेक बनना चाहिए। मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगा, लेकिन रोमांटिक ड्रामा फिल्म धड़कन के रीमेक से जुडना वाकई दिलचस्प होगा। अब अहान की यह इच्छा कब पूरी होगी, पता नहीं, लेकिन कुछ दिन पहले उनके पिता ने यह जरूर कहा था कि वह अपनी फिल्म गोपी किशन के रीमेक में अहान को देखना चाहते हैं।

2000 में आई धड़कन में सुनील के साथ शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार भी नजर आए थे। फिल्म की कहानी से लेकर तीनों सितारों की एक्टिंग ने फिल्म को हिट करा दिया था। फिल्म में सुनील ने देव नाम के एक जुनूनी और गंभीर प्रेमी का किरदार निभाया था। फिल्म ने उस वक्त करीब 26 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म ने कई रिकॉर्ड बनाए थे। धर्मेश दर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म के निर्माता रतन जैन थे।



अहान ने पिछले साल साजिद नाडियाडवाला की फिल्म तड़प से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई की। इसमें अहान के अभिनय को काफी सराहा गया। यह पूछे जाने पर कि अहान ने आगे क्या योजना बनाई है? इस पर उन्होंने कहा, कुछ दिलचस्प चीजें हैं, जिनकी एक महीने के अंदर घोषणा होगी। इसके अलावा मैंने साजिद नाडियाडवाला के साथ चार फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। मैं उनके साथ दोबारा काम करने वाला हूं।

अहान एक अच्छे गायक और संगीतकार भी हैं। वह एक लोकप्रिय म्यूजिक बैंड के लीड सिंगर और गिटारिस्ट भी रह चुके हैं। उनका यह अंदाज उनके पिता से मेल खाता है। इसके अलावा अहान के चलने–फिरने का अंदाज भी पिता की ही तरह है। स्कूल के दिनों में अहान अच्छे फुटबॉलर रहे हैं। वह अपनी स्कूल टीम के फुटबॉल कैप्टन थे। अहान की इस उपलब्धि पर सुनील को भी गर्व रहा है, क्योंकि वह खुद भी खेलकूद के शौकीन हैं।

सुनील की बेटी अथिया बॉलीवुड में सलमान खान की फिल्म हीरो से अभिनय की दुनिया में एंट्री कर चुकी हैं। इसके बाद वह मुबारकां और मोतीचूर चकनाचूर जैसी फिल्मों में भी दिखीं, लेकिन वह अब तक दर्शकों के बीच अपनी पहचान नहीं बना पाई हैं।

## सूचना

मेरा हाई स्कूल अनुक्रमांक नं 2100 385 वर्ष 2006 वास्तव में कहीं खो गया है।

**रघुनाथ पासवान**
**पुत्र पीताम्बर प्रसाद**
**ग्राम भरमी पोस्ट बघेली**
**जिला सिद्धार्थनगर (उ.प्र.)**

# अनन्या पाडे के इस अंदाज़ के फैंस भी हुए दीवाने



अनन्या पांडे ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज साझा की है. जिनमें वो बिल्कुल ही अलग और बिंदास अंदाज में दिखाई दे रही है. उनका ये नया लुक फैंस को पसंद आने लगा है. उन्होंने बहुत इंटेंस लुक में पोज दिया है. अनन्या ने फोटोशूट अपनी आने वाली मूवी गहराइयां के प्रमोशनल इवेंट्स के बीच खिंचवाया है. उन्होंने इसके कैप्शन में भी अपनी आने वाली मूवी का जिक्र किया है.

अनन्या सोशल मीडिया पर हमेशा ही सक्रीय रहती हैं. अपने फैंस के लिए कुछ न कुछ नया पोस्ट करती करना उन्हें बहुत ही पसंद है . उन्होंने कैप्शन ले लिखा है कि गहराइयां के प्रमोशन के दूसरा दिन मैं इस मूवी के लिए बहुत उत्साहित हूं. जिसके ट्रेलर को बहुत प्यार मिल रहा है. अनन्या पांडे, दीपिका पादुकोण के साथ फिल्म गहराइयां में दिखाई देने वाली है. इए मूवी में सिद्धांत चतुर्वेदी भी मुख्य भूमिका में नजऱ आने वाले है. इस मूवी के ट्रेलर रिलीज के उपरांत से अनन्या के लुक और परफॉर्मेंस को लेकर बहुत चर्चा हो रही है. बताया जा रहा है कि वो बहुत अच्छी लग रही हैं इस फिल्म में.

जिसके अतिरिक्त अनन्या, विजय देवरकोंडा की मूवी लाइगर में भी काम कर रही हैं. इसकी शूटिंग लॉस एंजिलिस शुरू हो गई है. इसका फर्स्ट लुक टीजर सोशल मीडिया पर छा गया था. मूवी में अमेरिका के मशहूर बॉक्सर माइक टायसन भी दिखाई देने वाले है।

# फिर टली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग

एजेंसी

कोरोना वायरस के कारण जहां कई फिल्मों की रिलीज टल चुकी है, वहीं कुछ फिल्मों की शूटिंग रुक गई है। कोरोना महामारी के चलते अब निर्माता–निर्देशक करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का शूट फिर टाल दिया गया है। दरअसल, फिल्म की एक और एक्ट्रेस जया बच्चन कोरोना से संक्रमित पाई गई हैं। इसके चलते एक बार फिर फिल्म की शूटिंग प्रभावित हुई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, शबाना आजमी के बाद जया बच्चन का कोरोना टेस्ट पॉजिटिव आया है। एक सूत्र ने पोर्टल को बताया है, रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का शूटिंग शेड्यूल 2 फरवरी से शुरू होकर 14 फरवरी तक चलने वाला था। पहले शबाना आजमी और अब जया बच्चन के कोरोना पॉजिटिव होने से करण जौहर ने शेड्यूल को फिर टाल दिया है। करण किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहते। लिहाजा उन्होंने शूटिंग रोकने का फैसला किया है।

जया से पहले 2020 में उनके परिवार में उनके पति अमिताभ, बेटे अभिषेक, बहू ऐश्वर्या राय और पोती आराध्या को भी कोरोना हो गया था। इसके बाद सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, फिर सभी की कोरोना रिपोर्ट नेगेटिव आई थी।

इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। फिल्म में जया की भी अहम भूमिका है। वह इस फिल्म में कॉमिक किरदार में नजर आएगी। इस फिल्म में जया, रणवीर सिंह की दादी की भूमिका निभा रही हैं। कहा जा रहा है कि जया फिल्म में हलवाई का किरदार निभाती नजर आएंगी। वह एक बेबाक महिला बनी हैं, जिसे खुलकर हंसना अच्छा लगता है। यह जया की अब तक की सबसे मजेदार भूमिका है।

करण इन दिनों फिल्म लाइगर के काम में व्यस्त हैं। फिल्म मिस्टर लेले के निर्माता भी करण ही हैं। इस फिल्म के हीरो अभिनेता विक्की कौशल हैं। वह ब्रह्मास्त्र और दोस्ताना 2 को लेकर भी चर्चा में हैं।

करण फिल्म तख्त पर काम कर रहे हैं। वह अपनी पहली एक्शन फ्रेंचाइजी योद्धा के प्रोडक्शन का काम भी संभाल रहे हैं। विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी को लेकर भी करण एक रोमांटिक फिल्म बनाने की तैयारी में हैं।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतिनगर, मधुकरपुर, निकट हीरो हौंडा एजेन्सी, सिद्धार्थनगर, 272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2012/49458
संस्थापकः- स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादकः- राजेश कुमार शर्मा
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एंव सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इन से उत्पन समस्त विवाद जनपद सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।
8795951917, 9453824459
ई-न्यूज पेपरः- www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com